दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 41 | जयपुर | शनिवार, 14 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जज सोशल मीडिया के इस्तेमाल से बचें : एससी

**संन्यासी की तरह जीवन जीना चाहिए, न्यायपालिका में दिखावे के लिए कोई जगह नहीं**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों को संन्यासी की तरह जीवन जीना चाहिए और घोड़े की तरह काम करना चाहिए। उन्हें सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। फैसलों को लेकर किसी तरह की राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए। गुरुवार को जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने ये टिप्पणी की। बेंच मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जून 2023 में 6 महिला जजों के टर्मिनेशन के मामले में ये सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा, न्यायपालिका में दिखावे के लिए कोई जगह नहीं है। न्यायिक अधिकारियों को फेसबुक पर नहीं जाना चाहिए। उन्हें फैसलों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि कल अगर फैसले का हवाला दिया जाता है तो न्यायाधीश पहले ही किसी न किसी तरह से अपनी राय व्यक्त कर चुके होंगे। फेसबुक खुला मंच है। आपको (जजों) एक संन्यासी की तरह जीवन जीना होगा, घोड़े की तरह काम करना होगा। न्यायिक अधिकारियों को बहुत त्याग करना पड़ता है। मई 2023 में मध्य प्रदेश शासन ने 6 महिला जजों को डिसमिस किया था मध्यप्रदेश के विधि और विधायी कार्य विभाग ने हाईकोर्ट की सिफारिश पर 23 मई 2023 को आदेश जारी कर 6 महिला न्यायाधीशों की सेवाएं समाप्त कर दी थीं।

## तमिलनाडु के अस्पताल में आग, 6 लोगों की मौत

**सभी हॉस्पिटल की लिफ्ट में बेहोश मिले थे; 20 घायल, 30 से ज्यादा बचाए गए**

बढ़ता राजस्थान

**डिंडीगुल।** तमिलनाडु के डिंडीगुल में प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई। सभी अस्पताल की लिफ्ट में बेहोश मिले थे। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक घटना रात 9 बजे की है। त्रिची रोड स्थित ऑर्थोपेडिक केयर सिटी हॉस्पिटल के रिसेप्शन एरिया में आग लगी थी, जो पूरी बिल्डिंग में फैल गई थी। घटना के दौरान अस्पताल में 30 से ज्यादा मरीज थे। पुलिस के मुताबिक आग की घटना की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था। मरीजों को 10 एंबुलेंस से नजदीकी अस्पतालों में शिफ्ट किया गया था। पुलिस ने बताया कि लिफ्ट में मिले सभी लोगों को डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल ले जाया गया था।

### राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन

# खुशहाल-समृद्ध किसान तो विकसित होगा राजस्थान : भजनलाल शर्मा





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारा अन्नदाता किसान धरती माता का सच्चा सपूत है। जब किसान खुशहाल समृद्ध होगा तभी विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा। हमारी सरकार किसान-पशुपालक के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हमने आज किसान सम्मेलन आयोजित किया है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि जब भी किसानों के हित की बात आएगी, राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी मिलेगी। मुख्यमंत्री शर्मा राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर 'निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली' की थीम पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के क्रम में शुक्रवार को अजमेर में आयोजित राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं खुद एक किसान परिवार में जन्मा हूं। मैंने हल चलाया है और खेती का सारा काम किया है। मैं किसानों के दर्द को भली भांति समझता हूं। इसीलिए हमारी सरकार ने वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली देने का लक्ष्य तय किया है।

### किसान के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ले रही लगातार निर्णय

शर्मा ने कहा कि राइजिंग समिट के दौरान कृषि क्षेत्र में 58 हजार करोड़ रुपये निवेश के ढाई हजार से अधिक एमओयू किए हैं। हमारी सरकार द्वारा 30 लाख किसानों को 20 हजार करोड़ रूपये का अल्पकालीन फसली ऋण का वितरण, 8 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 26 हजार सोलर संयंत्रों की स्थापना, 31 स्थानों पर फूड पार्क के लिए भूमि आवंटन, 536 मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन, गेहूं, मूंग, मूंगफली तथा सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद, पीएम किसान समृद्धि केन्द्र की स्थापना जैसे निर्णय किए गए हैं।

## 70 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 700 करोड़ से अधिक की राशि का किया सीधा हस्तान्तरण

### किसान कल्याणकारी नई योजनाओं का हुआ शुभारंभ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, ऊँट संरक्षण एवं विकास मिशन व 100 गौशालाओं में गौ काष्ठ मशीन उपलब्ध करवाने के कार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने 200 नए बल्क मिल्क कूलर्स, 1000 नए डेयरी बूथ को आवंटन पत्र, एक हजार नए दूध संकलन केन्द्रों की शुरूआत तथा गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत 20 हजार गोपालकों को 1 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया। कार्यक्रम में 5 हजार वन मित्रों को सुरक्षा किट भी वितरित की गई। शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तारबंदी योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, फॉर्म पौण्ड, फव्वारा अनुदान, स्प्रिंकर्ल्स अनुदान, सहित विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी किसानों से संवाद किया। संवाद के दौरान नवलगढ़ से रामनिवास चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार हम किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है जिससे उन्हें बहुत राहत मिली है। ऊंट पालक बीकानेर पेमाराम ने बताया कि अब उन्हें प्रति ऊंटनी 10 हजार सहित 4 ऊंटनी के 40 हजार रुपये सहायता राशि मिल रही है। उसके लिए राज्य सरकार का आभार।



### प्रधानमंत्री के लिए किसानों का हित सबसे पहली प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किसानों का हित सबसे पहली प्राथमिकता है। उनके मन में किसानों का भला करने की अद्भुत इच्छाशक्ति और संकल्प है। प्रधानमंत्री ने महान किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया है, जो ये दर्शाता है कि वे किसानों के प्रति कितना सम्मान रखते हैं। शर्मा ने किसानों को किसान दिवस (23 दिसम्बर) की बधाई देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने ही किसान दिवस मनाने की शुरुआत की थी।

### मुख्यमंत्री ने किसान कल्याणकारी योजनाओं में किसानों को दिया आर्थिक संबल

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किश्त के रूप में 700 करोड़ से अधिक की राशि का सीधा हस्तान्तरण किया। वहीं, 15 हजार 983 किसानों को ड्रिप/फव्वारा संयंत्रों के लिए 29 करोड़ रूपये से अधिक, 14 हजार 200 से अधिक किसानों को फार्म पौण्ड, पाइपलाइन, तारबन्दी, डिग्गी निर्माण, कृषि यंत्र, जैविक खाद सहित विभिन्न कार्यों के लिए 96 करोड़ से अधिक की राशि व 8 हजार सोलर पंप स्थापना संवेदन के 80 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। शर्मा ने प्रदेश के 3 लाख 25 हजार पशुपालकों को 5 रूपए प्रति लीटर के आधार पर 200 करोड़ रूपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। साथ ही, कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कृषि संकाय में अध्ययनरत 10 हजार 500 छात्राओं को 22 करोड़ रूपए प्रोत्साहन राशि का डीबीटी भी किया गया।

# नेहरू-इंदिरा ने संविधान बदला, ताकि विरोधियों को चुप रख सकें : राजनाथ सिंह

## प्रियंका ने कहा- नेहरू को छोड़िए, आपने क्या किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र के 14वें दिन शुक्रवार को संविधान के 75 साल पूरे होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। 1 घंटे 10 मिनट की स्पीच में राजनाथ ने कांग्रेस पर संविधान बदलने, चुनी हुई सरकारों को गिराने, संविधान से ऊपर अपना स्वार्थ पूरा करने, इमरजेंसी के जरिए संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। राजनाथ के बाद विपक्ष की ओर से प्रियंका गांधी ने 31 मिनट में उनके हर एक बयान का जवाब दिया। प्रियंका ने कहा- रक्षा मंत्री संविधान निर्माताओं में नेहरू जी का नाम नहीं लेते। जहां जरूरत होती है, वहां जरूर लेते हैं। पहले क्या हुआ, उसे अब बताने का क्या मतलब है। अभी सरकार आपकी है, आपने क्या किया, जनता को ये बताइए। प्रियंका ने कहा- प्रधानमंत्री संसद में संविधान की किताब को माथे से लगाते हैं। संभल, हाथरस, मणिपुर हिंसा पर जब न्याय की बात उठती है तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आता। राजा भेष बदलते हैं, लेकिन उनमें आलोचना सुनने की हिम्मत नहीं है। प्रियंका की यह लोकसभा में बतौर सांसद पहली स्पीच थी।



### प्रियंका की स्पीच की राहुल और खड़गे ने तारीफ की

**राहुल गांधी:** प्रियंका का भाषण मैंने देखा और सुना। यह बहुत अच्छा और अद्भुत भाषण था। इसे ऐसे कह सकते हैं कि यह संसद में मेरे पहले भाषण से बेहतर था।
**मल्लिकार्जुन खड़गे:** प्रियंका ने बहुत बढ़िया भाषण दिया। उन्होंने सरकार के सामने सभी तथ्य रखे और बताया कि कैसे संविधान का दुरुपयोग किया जा रहा है। हम बहुत खुश हैं।

## सदन की कार्यवाही एक दिन के लिए स्थगित, आज फिर होगी संविधान पर चर्चा

सदन की कार्यवाही शनिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आज फिर सदन में संविधान पर चर्चा होगी। शुक्रवार को महुआ मोइत्रा के भाषण के बाद हंगामा हुआ जिसके चलते कुछ देर के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

सपा सांसद इकरा चौधरी ने कहा, संभल में जो हुआ वो सभी के सामने है। पुलिस के संरक्षण में लोगों की हत्या की गई। अल्पसंख्यकों पर हिंसा बढ़ती जा रही है मगर सत्ता में बैठे लोग या तो आंखें मूंदे हुए हैं या इन घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। हद तो तब हो जाती है जब न्यायपालिका की बात भी अनसुनी कर दी जाती है। सत्ता में बैठे लोग मॉब लिंचिंग को रोकने के बजाय आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। कैराना से सपा सांसद इकरा चौधरी ने कहा, आज पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समुदाय को संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर रोज मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आज ऐसा लगता है कि संविधान की किताब तो है लेकिन इसे चलाने वालों का ईमान गुम हो गया है।

आज हिंदुस्तान में हर वर्ग को किसी न किसी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अल्पसंख्यक खासकर मुसलमानों पर जो कहर टूटा है वो किसी से छुपा नहीं है। ये लोग सिर्फ अपनी मजहबी पहचान की वजह से निशाने पर हैं। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि हेट स्पीच, मॉब लिंचिंग, बुलडोजर द्वारा घरों को गिराने की घटनाएं आम हो गई हैं खासतौर पर उत्तर प्रदेश में जहां ऐसा लगता है कि कानून के नाम पर जंगलराज चल रहा है। महुआ मोइत्रा का भाषण खत्म होने के तुरंत बाद निशिकांत दुबे ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की। स्पीकर कुमारी सैलजा ने जगदंबिका पाल से बोलने के लिए कहा.. उन्होंने कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। इसके तुरंत बाद अनुराग ठाकुर खड़े हो गए लेकिन सैलजा ने फिर कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# एपेक्स हॉस्पिटल में हुई 100 सफल रोबोटिक सर्जरी

## एपेक्स हॉस्पिटल प्रदेश का पहला ऐसा हॉस्पिटल बना जहां मेक इन इंडिया रोबोट से प्रदेश में सबसे पहले 100 सफल सर्जरी हुई

बढ़ता राजस्थान

### मेक इन इंडिया रोबोटिक सर्जरी अधिक किफायती एवं इलाज में सटीकता को बढ़ाएगा




**जयपुर,( का.स. )।** एपेक्स हॉस्पिटल राजस्थान का पहला ऐसा हॉस्पिटल बन गया है। जहां मेक इन इंडिया रोबोट से सबसे पहले 100 सफल रोबोटिक सर्जरी की गई है। इसको लेकर रोबोटिक यूरो सर्जन सौरभ जैन, रोबोटिक ऑनको सर्जन डॉ. राहुल यादव और रोबोटिक सर्जन डॉ. रजनीश ने बताया कि 卐एपेक्स डिपार्टमेंट ऑफ रोबोटिक मे एसएसआई मन्त्रा की ओर से इंडिया का निर्माण किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस रोबोट से पेट के कैंसर, यूरोलॉजी से संबंधित विभिन्न बीमारियों का त्वरित, सटीक एवं कम खर्च में इलाज हो सकेगा एवं जयपुर में सबसे पहले इंडिया मेड रोबोट से 100 सफल सर्जरी करने वाला पहला हॉस्पिटल है। उन्होंने बताया कि पहले के रोबोट से अधिक खर्च आता था एवं अब ये किफायती होगा। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से जटिल ऑपरेशन्स में खून के रिसाव समेत अन्य समस्याएं कम होगी एवं ऑपरेशन की सफलता अधिक रहेगी। अस्पताल के यूनिट हेड ऋतुराज सिंह ने अस्पताल के तीस साल के सफल सफर की कहानी बताते हुए सफलता का मूल मंत्र मरीज की समर्पित सेवा को बताया। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि रोबोटिक सर्जरी मे भी आमजन पूरा विश्वास जता रहे है।

# राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के सभागार में आयोजित हुआ किसान सम्मेलन

## किसान सम्मेलन के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### कार्यक्रम में कृषकों को वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्थान सरकार किसानों के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने एवं आमदनी को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के सभागार में शुक्रवार को किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जिला प्रमुख व अन्य अतिथि गण द्वारा प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही कृषि विभाग की योजनाओं से लाभान्वित कृषकों को वित्तीय स्वीकृति का वितरण भी किया गया। इस दौरान कृषि में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई तथा किसानों को गोपाल कार्ड का भी वितरण किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जयपुर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में राजस्थान सरकार की उपलब्धियों एवं एक साल के विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। किसान सम्मेलन में आए कृषकों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में लगे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की स्टाल पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में लगी राजीविका, विद्युत,पर्यटन,आयुर्वेद कृषि, सरस आदि स्टॉल आगंतुको के आकर्षण का केंद्र बनी रही। समारोह के अंत में संयुक्त निदेशक कृषि (वी.) राकेश कुमार पाटनी जिला परिषद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में विधायक महेन्द्र पाल मीना, विधायक रामावतार बैरवा, विधायक कैलाश वर्मा, जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, मेयर कुसुम यादव, जिला प्रभारी सचिव अपर्णा अरोरा, संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बनीं जिला स्तरीय प्रदर्शनी




# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आम जन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए किया जा रहा है प्रकृति परीक्षण

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा अब तक 70 हजार से ज्यादा लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान में आमजन का बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा शुक्रवार को लगभग 20 से अधिक संस्थानों में 12000 से अधिक लोगो का प्रकृति परीक्षण किया गया। अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा जयपुर सहित अन्य जिलों के सरकारी एवं निजी संस्थानों, कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं, मीडिया संस्थानों में आमजन का बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण किया गया। देश का प्रकृति प्ररिक्षण अभियान को लेकर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया हमारे शरीर मे वात, पित्त ओर कफ की प्रकृति की जानकारी के लिये देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है।

हमारी प्रकृति का निर्माण करने के साथ इसे प्रभावित भी करते हैं। हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमारे शरीर की प्रकृति को जानना हम सभी के लिये बहुत जरूरी है। 25 दिसंबर तक इस अभियान के अंतर्गत सरकारी एवं निजी कार्यालय, संस्थानों पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा उनका प्रगति परीक्षण करने के साथ उनके स्वास्थ्य से संबंधित सलाह भी दी जा रही है। और अब तक 70000 से ज्यादा लोगों का प्रकृति परीक्षण राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा किया जा चुका है और जल्द से जल्द अधिक से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा।





# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में हो रहा है चित्तौड़गढ़ का प्रसिद्ध तिलकुटा विशेष आकर्षण का केन्द्र

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** राजधानी जयपुर के बजाज नगर स्थित राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ की ओर से खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी चल रही है जो 13 जनवरी तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में 200 स्टाल लगाई गई है। जिनमें से 120 स्टॉल खादी व 80 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। इस खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी लोग जमकर खरीदारी कर रहे है तो वहीं चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन का प्रसिद्ध तिलकुटा विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। जहां जयपुर सहित राजस्थान से आए लोग इसे खाए बिना नहीं रह रहे है। साथ ही लोग किलो के हिसाब से पैक कर ले जा भी रहे है। चित्तौड़गढ़ के कपासन निवासी देवी लाल साहू ने बताया कि वह पिछले बीस साल से सह काम कर रहे है और वह हर साल खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में मूंगफली,सरसो नारियल और तिल तेल सहित चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन का प्रसिद्ध तिलकुटा की स्टाल लगा रहे है। जानकारी के अनुसार राजस्थान खादी ग्रामोद्योग द्वारा साल में सिर्फ एक बार इस मेले का आयोजन करता हैं जिसमें खादी प्रोडक्ट्स पर लोगों को विशेष छूट दी जाती है। पिछले 13 साल से जयपुर में हर साल खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खादी के शानदार कपड़े खादी से तैयार ऊनी, सूती, रेशमी और पाली के सभी कपड़े उपलब्ध है। इस खादी ग्रामोद्योग मेले की सबसे खास बात यह है कि यहां खादी के प्रांतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत और पर प्रांतीय उत्पादों पर लोगों को 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही हैं । इसलिए लोग अन्य मेलों के बजाएं खादी मेले से खरीदारी करना पसंद करते हैं। इसके साथ ही हाथों से तैयार किए हुए शुद्ध खाद्य पदार्थ जिनमें अचार, मसाले, नमकीन, पापड़ आयुर्वेदिक दवाइयां, चित्तोडगढ का प्रसिद्ध तिलकुटा आदि शामिल है। इस खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ रही हैं। इस मेले में खरीदारी के साथ लोग खाने पीने के व्यंजनों का भी आनंद ले सकते हैं। खादी मेले में लोगों की एंट्री बिल्कुल फ्री है और पार्किंग के लिए भी किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं हैं। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी सुबह 12 बजे से रात 8.30 तक चलती हैं। जिसमें जयपुर ही नहीं बाहरी जिलों से भी लोग खादी के सामानों को खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें खासकर छोटे व्यापारी जो गांव गांव तक खादी प्रोडक्ट्स को लेजाकर बेचते हैं।

# पिता पुत्री के रिश्तों की इमोशनल कहानी है फ़िल्म बेबी जॉन

## अभिनेता वरुण धवन ने जयपुर में अपनी नई फ़िल्म बेबी जॉन का किया प्रमोशन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** अभिनेता वरुण धवन ने शुक्रवार को जयपुर में अपनी नई फ़िल्म 'बेबी जॉन' का प्रमोशन किया। बेबी जॉन 2016 में बनी सुपरहिट तमिल मूवी 'थेरी' का रीमेक है। इसका निर्देशन तमिल के प्रसिद्ध निर्देशक कलिस ने किया है ।'बेबी जॉन' में वरुण धवन के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। फिल्म में वरुण धवन एक सजग और बहादुर पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे कुछ रहस्यमयी कारणों से अपनी नौकरी छोड़कर अपनी छोटी बेटी के साथ एक शांत जिंदगी बितानी पड़ती है. यह कहानी पिता और बेटी के भावनात्मक बंधन को केंद्र में रखती है, जो थेरी की तरह ही दर्शकों के दिलों को छूने का वादा करती है। मीडिया से बात करते हुए वरुण ने बताया कि इस फ़िल्म को करके मुझे बहुत ख़ुशी महसूस हुई क्योंकि जब आप रियल ज़िंदगी में पैरेंटिंग का अनुभव ले रहे हों और उसी समय आपको रील लाइफ में भी ऐसी भूमिका निभाने का मौक़ा मिल जाए। जिसमें पिता-पुत्री का इमोशनल रिश्ता हो तो आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। यह एक्शन थ्रिलर के साथ ही एक फैमिली ड्रामा फ़िल्म है। वरुण ने कहा कि वह 'बेबी जॉन' का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित है। यह फिल्म एक भावनात्मक और शक्तिशाली सफर है और इस किरदार को पर्दे पर लाना उनके लिए अविश्वसनीय अनुभव रहा है। इस कहानी में आपको रिश्तों की तीव्रता और भावनाओं की झलक तो मिलेगी ही , मैं जब पर्दे पर अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूँ तब कहीं न कहीं मुझे मेरे पेरेंट होने का एहसास और ज़िम्मेदारी महसूस होती ।इस फ़िल्म का मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें। यह प्रोजेक्ट मेरे लिए बहुत खास है। फ़िल्म में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा को लेकर न केवल चिंता दिखाई गई है बल्कि हम इसकी कहानी में देश में घटी कुछ घटनाओं से इंस्पायर्ड भी हुए हैं। निर्भया , हाथरस जैसी घटनाएं हमें हिलाकर रख देती है। उन्होंने कहा कि रीमेक होने के बावजूद इस फ़िल्म में पूरी ताज़गी है। बेबी जॉन मूल फिल्म की कहानी को फॉलो करती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें मौलिकता की कमी है. इसके किरदार और उनके अभिनय का अंदाज़ फिल्म को एक नई पहचान देगा. कलीस का निर्देशन और एटली का प्रोडक्शन इस प्रोजेक्ट को 2024 की एक बड़ी उम्मीद बनाता है।



# जिनेश कुमार जैन ने बत्तीस देशों में जयपुर का किया नाम रोशन

## राइजिंग राजस्थान समिट में खोए बैग को लौटाया मालिक को

बढ़ता राजस्थान

### बैग में रखें हुए थे एक लाख रुपये नगद, लैपटॉप, चार्जर आदि सामान



**जयपुर,( का.स. )।** राजधानी जयपुर में नौ दिसम्बर से ग्यारह दिसम्बर तक आयोजित राइजिंग राजस्थान समिट में आए एक व्यक्ति का रूपये सहित अन्य सामान रखा बैग खो गया था। जिसे जयपुर मानसरोवर निवासी जिनेश कुमार जैन ने बैग और बैग में रखे एक लाख रुपये नगद, लैपटॉप, चार्जर आदि सामान बैग मालिक को नितेश गहलोत को लौटा कर अपना और अपने जैन समाज का ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश का बत्तीस देशों से आए लोगों में नाम रोशन कर दिया। जिनेश कुमार जैन ने सांगानेर सदर थाना में नितेश गहलोत पुत्र नरेंद्र गहलोत को उसका बैग और बैग में रखें एक लाख रुपये नगद, लैपटॉप ,चार्जर ,आदि सामान पुलिस एवं भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता सुनील जैन गंगवाल, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के उपाध्यक्ष लोकेश सोगानी एवं जवाहरात व्यवसायी आशीष तोतूका की मौजूदगी में लौटाया। इधर बैग मिलने पर नितेश गहलोत ने जिनेश कुमार जैन सहित अन्य लोगों का धन्यवाद दिया।

# जागरूकता से ही साइबर ठगी पर अंकुश लगाए जा सकता है : डीजीपी प्रियदर्शी

## बधाई संदेशों के नाम पर साइबर ठगी के संबंध में पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

बढ़ता राजस्थान

### ठग आगामी त्योहारों एवं नववर्ष से पहले बधाई व गिफ्ट के लिंक शेयर कर बना सकते हैं शिकार, अपग्रेड पैन कार्ड के नाम से भी हो सकती है ठगी

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्थान के निवासियों को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा ने बधाई संदेशों के नाम पर ठगों द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी से सावचेत रहने की ठगी प्रकरणों में तुरंत शिकायत दर्ज कराने सलाह दी है। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राजस्थान हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा राज्य में लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि आगामी त्योहारों एवं नववर्ष से पहले साइबर अपराधी आमजन को बधाई व गिफ्ट के लिए लिंक शेयर कर साइबर धोखाधड़ी कर सकते है। डीजीपी प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाटसएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, फेसबुक आदि या मैसेज के माध्यम से आगामी क्रिसमस, नववर्ष पर बधाई व गिफ्ट के लिए तथा पेन कार्ड का नया वर्जन बनाने के नाम पर केवाईसी व अन्य दस्तावेज अपलोड करने के सम्बंध में लिंक भेजकर या एपीके फाइल डाउनलोड करने का झांसा दे साइबर ठगी का प्रयास करेंगे। प्रियदर्शी ने बताया कि इस प्रकार के लिंक में मैलवेयर हो सकता है। इस लिंक पर क्लिक करने पर आपकी डिवाइस मालवेयर संक्रमित हो जाती है, जिससे उपभोक्ता किसी भी तरह की साइबर ठगी का शिकार हो सकता है। उन्होंने आमजन को सलाह देते हुए बताया कि किसी भी अनजान लुभावने लालच में आकर बधाई व गिफ्ट से संबंधित ऐसे फर्जी लिंक पर क्लिक नहीं करें। इनकम टैक्स विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर ही आवेदन करें उन्होंने बताया कि वर्तमान पैन कार्ड को डिजिटल कार्ड के रूप में अपग्रेड करने की केंद्र सरकार की योजना पेन 2.0 साइबर ठगी का नया माध्यम बन सकती है।

साइबर अपराधी लोगों को पैन कार्ड अपग्रेड करने के नाम पर ठगने की कोशिश कर रहे हैं। इस योजना की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। इस संबंध में कोई भी संपर्क करे तो पहले इनकम टैक्स विभाग की अधिकृत वेबसाइट देखे। नए पैन कार्ड के लिए भी वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन करना चाहिये।

**साइबर ठगी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज करें**

डीजीपी साइबर क्राइम ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध हो जाता है तो वह तुरन्त साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930, साइबर वेबसाईट एवं निकटतम पुलिस स्टेशन व साइबर पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज करायें।

# कम्युनिटी पुलिसिंग के नोडल अधिकारी आईपीएस पंकज चौधरी वीडियो कॉन्फसिंग से जिला नोडल अधिकारियों से रूबरू हुए

## सामुदायिक पुलिसिंग की योजनाओं को धरातल पर बेहतर करने के लिए दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** राज्य के समस्त ज़िलों के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व ज़िला नोडल अधिकारी कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (सीपीयू) के प्रभारियों से कम्यूनिटी पुलिसिंग के नोडल अधिकारी एसपी पंकज चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के ज़रिए रूबरू हुए। मीटिंग में राज्य में शेष रहे राजस्व ग्राम व ग्राम समूहों में ग्राम रक्षकों की सूची बद्धता सुनिश्चित करने एवं राज्य के प्रत्येक जिलों में पुलिस मित्रों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के लिए संवाद किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रभारी अधिकारियों से सामुदायिक पुलिसिंग अन्तर्गत संचालित योजनाओं को धरातल पर बेहतर करने के लिए नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। हाल राजस्थान में कम्युनिटी पुलिसिंग को लेकर भारत सरकार व राज्य सरकार के निर्देशन में कई फ्लैगशिप योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट, स्वागत कक्ष, आदर्श पुलिस थाना, महिला शक्ति आत्मरक्षा कार्यक्रम प्रमुख हैं।

# महाराष्ट्र से जयपुर घूमने आई युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** सदर थाना इलाके में महाराष्ट्र से जयपुर घूमने आई युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी बलवीर सिंह के अनुसार महाराष्ट्र की रहने वाली 30 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि साल-2020 में उसकी मुलाकात महाराष्ट्र निवासी सूरज से हुई थी। बातचीत के दौरान एक-दूसरे के मोबाइल नंबर शेयर कर लिए। मोबाइल पर चैट कर बातचीत के दौरान दोनों अच्छे दोस्त बन गए। दिसम्बर-2020 में बहन-भाई के साथ राजस्थान घूमने आने के दौरान आरोपी सूरज ने साथ चलने के लिए जिद की। दिसम्बर-2020 में जयपुर घूमने आने पर होटल में ठहरे। होटल में ठहरने के दौरान सूरज की तबीयत खराब हो गई। तबीयत के बारे में पूछने रूम में जाने पर इमोशनल ब्लैकमेल कर शादी करने का वादा कर दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी करने का झांसा देकर पिछले चार सालों से देह शोषण करता रहा।

शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# एक वर्ष में राज्य सरकार ने किया अभूतपूर्व काम : राठौड़

## राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में हुए कार्यक्रमों का मैराथन से हुआ आगाज



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा है कि राज्य सरकार ने पिछले एक साल में अभूतपूर्व काम किया है और सभी क्षेत्रों में विकास के लिए उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ गुरुवार को जिला स्टेडियम में रन फॉर विकसित राजस्थान रैली के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और यह प्रतिबद्धता और संकल्प सरकार के एक साल के कामकाम में नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि चूरू जिले में भी पिछले एक साल में हर क्षेत्र में काफी काम हुआ है। उन्होंने इस दौरान रन फॉर विकसित राजस्थान के विजेताओं को सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों से कहा कि वे बड़ा लक्ष्य रखें और कड़ी मेहनत करें। बड़ा लक्ष्य और बड़ा मन रखने वाले लोग ही जिंदगी में आगे बढ़ते हैं। विशिष्ट अतिथि हरलाल सहारण ने जीवन में खेलों का महत्त्व बताया और प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि चूरू जिला खेलों में हमेशा से अग्रणी रहा है।

विशिष्ट अतिथि पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने युवाओं को सफलता के टिप्स दिए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में खेलों के विकास के लिए की जा रही गतिविधियों एवं नवाचारों के बारे में बताया। इस दौरान उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडिशनल एसपी सतपाल, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने भी विचार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक शिशपाल बुडानिया ने किया। कार्यक्रम में बसंत शर्मा, जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा, कोच सीताराम प्रजापत, एडीपीआर कुमार अजय, रामचंद्र राहड़, विजय पाल गेट, रामस्वरूप फगेड़िया, निरंजन सेन, चंद्रप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन के आदेश के बावजूद गेट नहीं खुला, झाड़ियां लगाकर बन्द कर रखा है

## भू-माफिया रास्ता खोलो अभियान को बता रहे हैं धत्ता



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में भू-माफियाओं के सामने उपखण्ड व जिला प्रशासन पूरी तरह से बोना साबित होता नजर आ रहा है। शनिवार को अवकाश देखकर मिशन कम्पाउण्ड से कुछ लोगों ने वर्षों पुरानी दीवार तोड़ी। दीवार तोड़ने के बाद कुछ तथाकथित लोग सरकार की योजनाओं को धत्ता बताते हुए मिशन कम्पाउंड से निकलने वाले रास्ता का विरोध किया, लेकिन मौके पर पहुँचीं नगर परिषद की टीम के अधिकारी विकास कुमावत ने समझाईश कर राज्य सरकार की चल रही रास्ता खोलो अभियान के तहत इस रास्ते को खुला रखने की हिदायत दी। दो दिन बाद कुछ तथाकथित लोगों ने इस रास्ते को अपने स्वार्थ की खातिर गेट लगाने व अपनी सुविधानुसार खोलने व बन्द करने का प्रयास कर रहे थे।

रास्ता खोलने की शिकायत पर उन लोगों के मंसूबों पर उस वक्त तो पानी फेर दिया जब नगर परिषद के प्रशासक व अन्य अधिकारियों ने दरवाजा लगाने से मना कर दिया। कुछ तथाकथित भू-माफियाओं ने प्रशासन की भी एक नहीं मानते हुए पुनः रास्ते में एंगल आयरन लगाकर उसे दोनों और से सीमेंट इंटे खड़ी कर सकड़ा कर दिया। इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं नगर परिषद, स्थानीय उपखण्ड प्रशासन दोनो ही अपने घुटने टेक चुका है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि जब शहर में यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा मौजूद है उसके बावजूद शहर में ऐसे तथाकथित कार्य संपादित हो रहे हैं।

# जिला प्रशासन के नवाचार मिशन सेफ पोस्टर का किया विमोचन

## एक वर्ष के विकास कार्यों की योजनाओं को लेकर प्रभारी मंत्री खर्रा ने विकास कार्यों की योजनाओँ की प्रगति की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री एवं ब्यावर जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा दो दिवसीय ब्यावर जिले के दौरे पर रहे। प्रभारी मंत्री ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। प्रभारी मंत्री खर्रा ने वर्तमान राज्य सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर गत 1 वर्ष में हुए कार्यों, योजनाओं की उपलब्धियों व प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप बजट घोषणाओं व योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित कर राहत पहुंचाए। उन्होंने विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा सहित समस्त विभागों की बारीकी से समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी सचिव विश्राम मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त योजनाओं की विभागीय अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें एवं बेहतर प्रगति के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव को जिले की वर्तमान उपलब्धियो की प्रगति की जानकारी से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि नवगठित जिले में जिला प्रशासन द्वारा तेजी से कार्य कर प्रगति की राह पर अग्रसर है।

# जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया विधिवत शुभारंभ

## प्रभारी मंत्री, प्रभारी सचिव, जिला कलेक्टर ने जिला विकास पुस्तिका व पंच गौरव पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राज्य सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 4 दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन स्वायत शासन विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने 4 दिवसीय जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगे जिले के विभिन्न उत्पादों की स्टॉल्स व जिले में गत 1 वर्ष पूर्ण में हुए विकास कार्यों, योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी देते विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए नवाचार कार्यों, जिले के उत्पाद, विकास कार्यों की जानकारी ली व जिला प्रशासन की सराहना की।

### जिला विकास पुस्तिका व पंच गौरव पोस्टर का किया विमोचन

प्रभारी मंत्री, प्रभारी सचिव विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार व जिला प्रशासन के गत 1 वर्ष में हुए कार्यों के समावेश की जानकारी देती जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। प्रभारी मंत्री ने एक जिला- एक उत्पाद के तहत चयनित पंच गौरव के पोस्टर का भी विमोचन किया। फार्म पोंड के 68 लाभान्वितों को 61.74लाख, पाइपलाइन के 71 लाभान्वितों को 9.7 लाख, कृषि यंत्र के 53 लाभान्वितों को 7.5 लाख तारबंदी के 47 लाभान्वितों को 9.72 लाख, बालिका छात्रवृति की 82 लाभान्वितों को 12.3 लाख, वर्मी कंपोस्ट इकाई के 20 लाभान्वितों को 10 लाख, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के 40 लाभान्वितों को 4 लाख की राशि डीबीटी द्वारा वितरित कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत, जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया, निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद्र जैन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी व पुस्तिका कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रविंद्र वैष्णव सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व जिले के कृषक मौजूद रहे।

## किसान सम्मेलन में कृषकों को विभागीय योजनाओं से कराया लाभान्वित





### किसान सम्मेलन में कृषकों को विभागीय योजनाओं से किया लाभान्वित

प्रभारी मंत्री ने अंबेडकर भवन में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में वर्चुअली भाग लिया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पश्चात जिला किसान सम्मेलन में विभागीय योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित किया। उन्होंने फार्म पोंड, पाइपलाइन, कृषि यंत्र, तारबंदी, बालिका छात्रवृति, वर्मी कंपोस्ट इकाई, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना गतिविधियों के कृषकों को प्रतीकात्मक रूप से लाभांवित किया।

# प्रदर्शनी में एक वर्ष के विकास कार्यों का प्रतिबिंब : झाझड़िया

## सूचना केंद्र में आयोजित प्रदर्शनी का पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने किया अवलोकन, कहा-राज्य सरकार हर क्षेत्र में कर रही उल्लेखनीय काम, जिला प्रशासन के नवाचारों को सराहा

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( नि.स. )।** पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने शुक्रवार को यहां सूचना केंद्र में जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से समस्त विभागों के सहयोग से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रदर्शनी की व्यवस्था तथा सामग्री संयोजन की सराहना की। इस दौरान झाझड़िया ने प्रदर्शनी में शामिल राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं में अर्जित उपलब्धियों तथा जिले के नवाचारों को देखा और कहा कि प्रदर्शनी जिले में राज्य सरकार की ओर से किए गए कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में अर्जित उपलब्धियों का प्रतिबिंब है। पिछले एक साल में राज्य में हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है तथा इसी तर्ज पर जिले को भी इसका लाभ मिला है। जिले में कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी आमजन तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में उपयोगी साबित होगी। आमजन एवं विद्यार्थियों को प्रदर्शनी का अवलोकन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खेलों के क्षेत्र में भी अनेक विकास कार्य किए हैं और नई योजनाओं का आरंभ किया है। केंद्र सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम की तर्ज पर राजस्थान टॉप्स की शुरुआत निस्संदेह खेलों के क्षेत्र में उपयोगी साबित होगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि ऑलरेडी चल रहे स्टेडियम, खेल मैदानों पर सुविधाओं, संसाधनों का विस्तार हो तथा गांव-गांव में खेल मैदान बने।

इसी सोच के साथ अनेक कार्य किए जा रहे हैं। एडीपीआर कुमार अजय ने झाझड़िया को प्रदर्शनी तथा एक वर्ष के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों के बारे में बताया और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित सुजस व एक वर्ष की उपलब्धियों से जुड़ा साहित्य भेंट किया। प्रदर्शनी एक सप्ताह तक आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। इस दौरान सहायक जनसंपर्क अधिकारी मनीष कुमार, अरविंद झाझड़िया, चंदन लॉयल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, सूचना सहायक धर्मपाल सिंह, बजरंग मीणा, संजय गोयल, विजय रक्षक, अजय चांवरिया, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# विशाल रक्तदान शिविर कल,अग्रिम पंजीकरण आज से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सरल सोसायटी उदयपुर के भूपालपुरा स्थित सरल सभागार में 200 यूनिट के लक्ष्य के साथ सरल ब्लड सेंटर, रक्तदाता युवा वाहिनी, सृजन द स्पार्क, जीवन ज्योति हॉस्पिटल एव गायत्री नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 15 दिसम्बर को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसके पंजीकरण कल होंगे। सोसायटी के मानद सचिव डॉ श्याम एस सिंघवी ने बताया कि स्वैचिछक रक्तदान का राजस्थान सरकार की प्रेरणा एवं आदेश पर राज्य-स्तर पर किया गया अनूठा प्रयोग है।

जिसमे राज्य के अनुज्ञा प्राप्त सभी ब्लड बैंक से अपेक्षा की गई है वे अपने स्तर पर स्वैच्छिक रक्तदान क्षेत्र में सेवारत संस्थाओं की सहभागिता से विशाल रक्त दान शिविर निश्चित समय पर आयोजित कर अपने अपने क्षेत्र में रक्तदान अभियान को गति प्रदान करें जिससे जरूरतमंद रोगियों के रक्त के आवश्यकताओं की पूर्ति सहज और त्वरित हो सकें।

संस्था के संयुक्त सचिव संयम सिंघवी ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति में सफलता हेतु सरल सभागार में उक्त चार संस्थाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 200 यूनिट का लक्ष्य रखा गया है इसके साथ ही सलूम्बर में स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल में 100 यूनिट्स के लक्ष्य के साथ इसी दिन शिविर आयोजित होगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा जो शाम 04 बजे तक चलेगा।

शिविर का शुभारंभ सहायक औषधि नियंत्रक ललित अजारिया, भूपालपुरा थानाधिकारी मुकेश सोनी, समाज सेवी जिनेन्द्र शास्त्री द्वारा, ट्रस्ट परिवार सहित कई गणमान्य सज्जनों-सन्नारियों की उपस्थिति में होगा।

# मां आशापुरा संगठन निःशुल्क बालिका सेल्फ डिफेंस कैंप का आगाज 26 दिसंबर से





बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मां आशापुरा संगठन एवं मार्कोस मार्शल आर्ट अकादमी की अनूठी पहल के तहत 26 दिसम्बर से तीन माह चलने वाले बालिका सेल्फ डिफेंस कम्प का फतहस्कूल में आगाज होगा। इस सन्दर्भ में आज अशोका पैलेस में पोस्टर विमोचन किया गया। मां आशापुरा संगठन एवं मार्कोस मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन एवं एकेडमी द्वारा आयोजित सेल्फ डिफेंस कैम्प के बारे में जानकारी दी गई। संगठन के प्रमुख चेतन सोनी ने बताया कि यह आत्म रक्षा प्रशिक्षण का प्रथम कैम्प तीन माह तक चलेगा। इस कैम्प में महिलाओं बालिकाओं एवं पुरूष भी भाग ले सकते हैं। कैम्प को दो भाग में किया जाएगा, एक भाग में महिला एवं बालिकाएं और दूसरे भाग में युवा पुरूष होंगे। कैम्प को जोइन करने के लिए आनलाईन फॉर्म भरना होगा। आप मां आशापुरा संगठन के पेज की बायो में उपलब्ध लिंक पर टेप करके फॉर्म भर सकते हैं। कैम्प प्रतिदिन प्रात:6.30 बजे से 8.30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ' को ध्येय वाक्य मानकर यह केम्प किया जा रहा हैं। इस केम्प का प्रमुख ध्येय है की निर्भया गैंगरेप, बुलंदरशहर गैंगरेप कांड, वेटरनिटी डॉक्टर की रेप और हत्या, कठुआ कांड, हाथरस गैंगरेप कांड जैसी अप्रिय घटनाएँ न हो। बच्चियां अपनी सुरक्षा, सशक्तीकरण और संभावित हमलावरों को रोकने या उनका मुकाबला करने की क्षमता बढ़ाने के लिए आत्मरक्षा की आवश्यकता होती है। ट्रेनर तारा लौहार ने बताया कि महिलाएं कहीं भी सुरक्षा महसूस नहीं कर पा रही है। ऐसे में उन्हें मजबूत होना बहुत जरूरी है। वर्तमान में महिलाओ एवं बालिकाओं पर हो रहे अत्याचारों से निपटाने के लिए आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर को ज्वाइन करना चाहिए। इस कैम्प में मेरे साथ एकेडमी की गर्ल्स महिलाओं और बालिकाओं को जुडो कराटे, मार्शल आर्ट, गेपलिग किक, बॉक्सिंग, नौनचौक का प्रशिक्षण देंगे।

इस अवसर पर कमलेश जोशी, विजय जोशी, गिरराज कुमावत, सीताराम, निमित, उमेश सालवी, विक्रम, राजकुमार सेन, नरेश, अभय सोनी, कोमल सोनी, वृन्दा, उषा सोनी, अनु कुमावत आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डी पी एस, उदयपुर के युवा वैज्ञानिकों को विज्ञान प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा उदयपुर संभाग के युवा वैज्ञानिकों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से विज्ञान परियोजना तथा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर किया गया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा बारहवीं के छात्र आरव सिंह तथा कक्षा दसवीं के छात्र पार्थ छाबड़ा ने सुयुक्त रूप से अपने प्रोजेक्ट इ एल एस इ 5 (रॉकेट स्टेबेलाइजेशन मॉडल) का प्रदर्शन किया। संभाग स्तर पर विभिन्न स्कूलों से आए 30 से





अधिक प्रोजेक्ट व मॉडल में इन युवा वैज्ञानिकों का प्रोजेक्ट व मॉडल सर्वश्रेष्ठ तथा प्रथम स्थान पर रहा। प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि ये विजेता छात्र जोधपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान परियोजना एवं मॉडल प्रतियोगिता में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। विज्ञान की अध्यापिका श्रीमती मनीषा परिहार ने बताया कि कक्षा आठ के अनय वैश्य व धैर्येश पुरोहित झीलों की स्वच्छता हेतु बनाए री-बोट मोडेल तथा चौतन्य गवली व जाविया काजमी द्वारा फाइटो हील एआई मॉडल को निर्णायकों तथा दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उप प्राचार्य राजेश घाभाई ने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# थानाधिकारी पर लगाया तीन दुकानों की जमीन पर कब्जा करवाने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गोनेर रोड पर स्थित लूनियावास में तीन दुकानों की जमीन पर खोह नागोरियान थाना अधिकारी द्वारा जबरन कब्जा करवाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस पूरे मामले को लेकर डीसीपी को लिखित में शिकायत दी है। पीड़ित का आरोप है कि थानाधिकारी ने दूसरे पक्ष के साथ मिलीभगत कर जबरन कब्जा करवाया जा रहा है। जब वह मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो उसे डरा धमका कर भगा दिया। राजेंद्र नगर लूनियावास निवासी महेश कुमार शर्मा और जितेंद्र कुमार शर्मा ने डीसीपी पूर्व तेजस्विनी गौतम को लिखित में शिकायत दी थी कि उन्होंने लूनिवायास में एक सोसायटी द्वारा काटी गई दुकान नंबर 64,65 और 66 रामराजपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति से 21 दिसम्बर 2008 में खरीदी थी। थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि गोनेर रोड पर लूनियावास में तीन दुकानों की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। मौके पर जारी काम को रुकवा दिया था, लेकिन उसने फिर से काम शुरू कर दिया है। मौके पर फिर से जाप्ता भेज कर काम रुकवाया है।

इन दुकानों की जमीन को लेकर दो लोगों द्वारा अलग-अलग पट्टे पेश कर दावा किया जा रहा है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मामले की जांच एक अधिकारी को सौंपी गई है। जांच के बाद ही पता चलेगा की इन दुकानों की जमीन का असली मालिक कौन है।

RAJASTHAN HOUSING BOARD

No. :- 689 Dated :- 10/12/2024

NIT : 07/2024-25

Bids for Maintenance & Operation of Street Light For Two Year at R.K. Puram Kotputli are invited from interested bidders from 20.12.2024 to 30.12.2024 up to 6.00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state & http://urban.rajasthan.gov.in/rhb Department Website.

UBN No. :- RHB2425WSOB00301

Raj.Samwad/C/24/9079 RESIDENT ENGINEER,DIV.-I, JAIPUR

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

फोन नं: 0141-2700459 E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांकः- F-5(1)(260)RCSCE/Civil /SMSA/NIT 08 2024-25 /2024/Vol-5/D- 5661 दिनांक: 12/12/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 08 (सिविल)/2024-25

(राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/सी.बी.ई.ओ. कार्यालय के निर्माण कार्यों हेतु)

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा, नाबार्ड एवं राज्य मद योजनान्तर्गत स्वीकृत 03 राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/सी.बी.ई.ओ. कार्यालय के निर्माण कार्यों हेतु राशि रू. 859.33 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 70.59 लाख से 411.58 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाऐं 17/12/2024 प्रातः 10.00 बजे से 07/01/2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एव http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

UBN NO.-RSE2425WSOB01919

राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा

राज.संवाद/सी/24/9061

## सम्पादकीय

### वृद्धि और महंगाई में नाजुक संतुलन

पिछले तीन साल के दौरान सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 8 प्रतिशत सालाना से ऊपर की वृद्धि हासिल करने के बाद अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में केवल 5.4 प्रतिशत वृद्धि दर्ज कर पाई। पिछली सात तिमाहियों में यह वृद्धि का सबसे कम आंकड़ा रहा। इस तिमाही में आर्थिक सुस्ती का अंदाजा तो लगाया जा रहा था मगर इतनी सुस्ती का अनुमान तो बाजार भी नहीं लगा पाया था। लगभग उसी समय अक्टूबर में खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण मुद्रास्फीति की दर 6 प्रतिशत के सहज दायरे से ऊपर निकल गई। खाद्य मूल्यों में लगातार उछाल ने मुख्य मुद्रास्फीति पर असर दिखाना शुरू कर दिया है। इसलिए हैरत नहीं हुई, जब राजनीतिक हलकों से दर कटौती का इशारा आने के बाद भी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुख्य मुद्रास्फीति लक्ष्य पर ही ध्यान दिया और दरें जस की तस रखीं। दूसरी तिमाही में मंद वृद्धि से प्रश्न उठता है कि यह एकबारगी फिसलन थी या लगातार तिमाहियों में वृद्धि दर घटते रहने से मान लिया जाए कि बुनियादी तौर पर मंदी आ रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में केवल 6 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है और अगली दो तिमाहियों में इसके रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। इसके बाद भी भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धि का अपना अनुमान 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। वृद्धि में सुस्ती और मुद्रास्फीति में उछाल के कारण एमपीसी को अब भी तलवार की धार पर चलना पड़ रहा है यानी नाजुक संतुलन बिठाने की कवायद अब भी जारी है। गिरती वृद्धि को पटरी पर लाने के लिए दरों में कटौती शुरू करना जरूरी है और कुछ वर्गों से कहा भी जा रहा है कि रिजर्व बैंक को शीर्ष मुद्रास्फीति के बजाय मुख्य मुद्रास्फीति पर निशाना साधना चाहिए। मगर रिजर्व बैंक शीर्ष मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर बांधने का संकल्प दोहरा चुका है और इसीलिए वह ढिलाई नहीं बरत सकता। इसलिए हैरत नहीं हुई, जब एमपीसी ने बहुमत वाला निर्णय लेते हुए नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया मगर नकद आरक्षी अनुपात (सीआरआर) को दो किस्तों में 25-25 आधार अंक कम करने की बात कही। यह कमी 14 दिसंबर और 28 दिसंबर को की जाएगी, जिसका मकसद पर्याप्त तरलता बनाए रखना है। इस फैसले से साफ संकेत मिलता है कि केंद्रीय बैंक के नीति संबंधी रुख में वृद्धि अहम है। सीआरआर कटौती से नकदी की स्थिति सुधरेगी, जो कर भुगतान के कारण तंग हो गई थी। साथ ही इससे बाकी दो तिमाहियों में सरकार के बढ़े पूंजीगत व्यय के लिए रकम भी आसानी से उपलब्ध हो सकती है। विनिर्माण में निवेश वापस लाने के लिए यह बहुत जरूरी है। लेकिन दरों में कटौती का सिलसिला हाल फिलहाल शुरू होता नहीं दिखता। वर्तमान स्थिति में नीतिगत प्रतिक्रिया इस बात पर निर्भर करती है कि इसे फौरी तौर की परेशानी माना जा रहा है या किसी बड़ी परेशानी की जड़ें जमने का संकेत समझा जा रहा है। रिजर्व बैंक के नीतिगत बयान में इस स्थिति को 'वृद्धि और मुद्रास्फीति के रास्ते से विचलन' बताया गया है। ऐसा मानने की वजहें भी हैं। मगर खनन तथा विनिर्माण क्षेत्रों में मूल्य वर्द्धन में आई तेज गिरावट चिंता का विषय है। इसी गिरावट की वजह से इन दोनों प्राथमिक क्षेत्रों की वृद्धि कम रही है। कृषि क्षेत्र में मूल्य वर्द्धन अच्छी बारिश के बाद भी 3.5 प्रतिशत बढ़ा।

# वन नेशन वन इलेक्शन : रिपोर्ट आने के बाद मोदी का सपना मूर्त रूप लेने को तैयार

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने के प्रबल समर्थक माने जाते हैं। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में कहा कि एक साथ चुनाव कराने को लेकर देशभर में बहस चल रही है। यह चर्चा लोकतांत्रिक तरीके से की जानी चाहिए। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के अपने सपने को साकार करने के लिए हमें ऐसे अनेक नए विचार जोड़ने होंगे। गौरतलब है कि 1951 से 1967 के बीच लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1951-52 में आम चुनाव और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।**

**अशोक भाटिया**



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को दो बिल पेश करने को मंजूरी दे दी। इसमें एक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल एक साथ करने के लिए और दूसरा दिल्ली और अन्य केंद्र शासित प्रदेश विधानसभाओं के लिए समान संशोधन करने के लिए था। वन नेशन वन इलेक्शन बिल को आखिरकार केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। सूत्रों के अनुसार विधेयकों को मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है । ज्ञात हो कि वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार (14 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी । यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है- पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है।रिपोर्ट के मुताबिक, %एक देश, एक चुनाव% पर कमेटी ने 62 पार्टियों से संपर्क साधा था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 पार्टियो ने एकसाथ चुनाव कराने का समर्थन किया, 15 पार्टियों ने इसका विरोध किया और 15 पार्टियों ने इसका जवाब नहीं दिया। कांग्रेस,‌ क्क बसपा और ष्टक्क्च-रू ने एक देश, एक चुनाव प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि भाजपा और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने समर्थन किया।हाईकोर्ट के 9 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि ।ष्ट के 3 मुख्य न्यायाधीशों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का विरोध किया।

1959 में सीपीआई नेतृत्व वाली सरकार को बर्खास्त कर दिया गया था और राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। 1960 में केरल में विशेष राज्य चुनाव हुआ था, जिसके चलते 1962 में राज्य सरकार भंग नहीं हुई थी, जब आम चुनाव हुए थे। 1964 में केरल में दोबारा राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। फिर 1965 में चुनाव हुए थे लेकिन राष्ट्रपति शासन जारी रहा और 1967 तक चला, जिसके चलते केरल विधानसभा का चुनाव एक बार फिर आम चुनाव के साथ हुआ। 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने की वजह से पहली बार एक साथ चुनाव होने का चक्र बाधित हुआ था। वहीं, चौथी लोकसभा भी समय से पहले भंग कर दी गई थी, जिसकी वजह से 1971 में नए चुनाव हुए। बता दें कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं को सामान्य कार्यकाल से पहले भी भंग किया जा सकता है।2019 के लोकसभा चुनाव के बाद अब तक कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो चुके हैं। अप्रैल-मई 2019 से शुरू होकर अब तक कई राज्यों के चुनाव हुए। वर्तमान में हर साल करीब 5-7 राज्यों के विधानसभा चुनाव होते हैं। बार-बार चुनाव होने की वजह से सार्वजनिक जीवन बाधित होता है। 2015 में कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने कहा था कि बार-बार चुनाव होने से सामान्य सार्वजनिक जीवन में व्यवधान होता है और जरूरी सेवाओं के कामकाज पर असर पड़ता है। राजनीतिक रैलियां करने से सड़क यातायात बाधित होता है और ध्वनि प्रदूषण भी होता है।मौजूदी चुनावी चक्र में शामिल प्रमुख प्रतिकूल प्रभाव चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों और शासन पर असर डालते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण सरकार और अन्य हितधारकों को बड़े पैमाने पर खर्च करना पड़ता है। काफी लंबे समय तक सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है। आलोचकों की राय में एक साथ चुनाव कराने का विचार राजनीति से प्रेरित है। एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं का व्यवहार इस रूप में प्रभावित हो सकता है कि वे राज्य के चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदान करने लगेंगे। इससे संभावना है कि बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में जीत हासिल करें। इससे क्षेत्रीय पार्टियों के हाशिए पर चले जाने की आशंका है जो अक्सर स्थानीय हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं।कुछ आलोचकों का मानना है कि प्रत्येक 5 साल में एक से ज्यादा बार मतदाताओं का सामना करने से नेताओं की जवाबदेही बढ़ती है और वे सतर्क रहते हैं। कुछ राजनीतिक दलों और 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने एक बार में कराए जाने वाले चुनाव का समर्थन किया था। एआईएडीएमके ने गहन विचार-विमर्श के साथ वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया था। असम गण परिषद का कहना था कि इससे छोटी पार्टियों पर वित्तीय बोझ कम होगा। आईयूएमएल के मुताबिक ऐसा करने से समय की बचत होगी। डीएमडीके ने लोकसभा और विधानसभाओं के निश्चित कार्यकाल वाले विचार का समर्थन किया। वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने इस विचार का समर्थन किया लेकिन कहा कि त्रिशंकु विधानसभा होने पर स्पष्टता की जरूरत है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया है । ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी के रुख में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। खरगे ने समिति को इस साल 17 जनवरी को पत्र लिखकर 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले भी उनकी पार्टी ने चुनाव, चुनावी प्रणाली और चुनावी शुचिता से संबंधित कई सवाल उठाए हैं। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 83 संसद के दोनों सदनों के कार्यकाल का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 83(2) लोकसभा के लिए इसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है, जब तक कि इसे पहले भंग न किया जाए। अनुच्छेद 172 (1) राज्य विधानसभा के लिए उसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है।क्या लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है? इसका जवाब है कि आपातकालीन स्थिति को छोड़कर किसी भी कीमत पर सदन का कार्यकाल बढ़ाया नहीं जा सकता है लेकिन इसे इसके कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग किया जा सकता है। एक साथ चुनाव पर चुनाव आयोग ने पहली बार 1983 में सुझाव दिया था। उस वर्ष प्रकाशित भारत के चुनाव आयोग की पहली वार्षिक रिपोर्ट में इसका विचार आया था। विधि आयोग की ओर से 1999 में इसका विचार आया था। 1999 में न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में भारतीय विधि आयोग ने चुनावी कानूनों के सुधार पर अपनी 170वीं रिपोर्ट पेश की थी। इसने चुनाव सुधारों के एक भाग के रूप में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी। 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में दीर्घकालिक (लंबे समय तक) सुशासन के लिए एक साथ चुनाव कराने का सुझाव दिया था और इसकी व्यवहार्यता की भी जांच की। 2017 में नीति आयोग ने भी एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। 30 अगस्त, 2018 को जस्टिस बीएस चौहान की अध्यक्षता में भारत के विधि आयोग ने एक साथ चुनाव पर अपनी मसौदा रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने से संबंधित कानूनी और संवैधानिक सवालों की जांच की गई।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आप धार्मिक कामों में दिन गुजारने वाले हैं। हालांकि निर्धारित समय में काम पूरा करने के लिए आप अतिरिक्त मेहनत करेंगे। घर के अन्य सदस्यों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**वृष**

नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपकी आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन में वातावरण आनंदमय रहने का योग बन रहा है। आप में परोपकार की भावना रहने से अन्य लोगों की सहायता करने के लिए आप उत्सुक रहेंगे।

**मिथुन**

सभी काम व्यवस्थित रूप से पूरे होने की संभावना है। आज आपके कोई नए संबंध बनेंगे, जो आपके लिए भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिक रूप से आप समृद्ध बने रहेंगे। शरीर, स्वास्थ्य और मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क**

स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ थकान या आलस्य का अनुभव हो सकता है। संतान की पढ़ाई-लिखाई और स्वास्थ्य के विषय में भी चिंता रहेगी। व्यर्थ के खर्च से आज दूर रहें। आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। ज्यादा सोचने-विचारने से आप परेशान रहेंगे।

**सिंह**

व्यापार या नौकरी के कारण कहीं बाहर मीटिंग में जाना हो सकता है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। आज का दिन मध्यम फलदायी है। बौद्धिक तथा लेखनकार्य से जुड़े जातक आज ज्यादा सक्रिय रहेंगे। साहित्य में कोई नया सृजन कर पाएंगे।

**कन्या**

आप अपनी वाणी से किसी को मंत्रमुग्ध कर पाएंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। आज मेहनत की अपेक्षा परिणाम कम मिलने पर भी निराश नहीं होंगे। धन की व्यवस्थित योजना बनाने के लिए आज का दिन अनुकूल है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे।

**तुला**

अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक हो सकता है। ऐसे में संभलकर चलने की जरूरत है। आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा। मित्रों के साथ भेंट हो सकती है। घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद में दिन गुजरेगा।

**वृश्चिक**

काम में मिली सफलता आप के उत्साह में वृद्धि करेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। सम्बंधों में भावनात्मकता अधिक रहेगी। प्रवास भी आनंदमयी होने की पूरी संभावना है। समाज में खूब मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु**

आज आपके मन में भांति-भांति के विचारों की तरंगे उठेंगी। आप कई तरह के विचारों में खोए रहेंगे। आज किसी के साथ भी वाद-विवाद ना करें। आज आप संवेदनशील रहेंगे। माता एवं पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता आपको हो सकती है।

**मकर**

पारिवारिक जीवन में उल्लासमय वातावरण रहेगा। आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रह सकता है। मानसिक रूप से भी आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। आपकी वाणी से किसी का दिल दुख सकता है।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय गुजार सकेंगे। दोस्तों का अच्छा साथ मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में आय की अपेक्षा व्यय ही अधिक होगा। आज मीठी वाणी से सबका मन जीत लेंगे।

**मीन**

यात्रा के योग रहेंगे। किसी पानी वाली जगहों से आज दूरी बनाए रखें। मानसिक और शारीरिक थकान हो सकती है। आज का दिन खुशी से भरा रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से मुलाकात हो सकती है। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। आईएफएस श्री बालाजी करी। जंगल के संरक्षण और संवर्धन के लिए इनका नाम बड़े अदब से लिया जाता है। बेहद संवेदनशील व्यक्तित्व और सरल हद्य के धनी हैं करी। वर्क इज वर्कशिप के बेस पर काम करने की इनकी अद्भुत कला को बेहद करीब से देखने का मौका मिला। 06 जनवरी सन 1979 को गुंटूर में जन्में बालाजी करी एमएससी(कृषि -कीटविज्ञान) की शिक्षा के बाद सिविल सर्विसेज में आए और आईएफएस बने और जंगल के जीवों की सुरक्षा का वादा किया और निभाया। अलवर उपवन संरक्षक के दौरान हमने खुद इनकी शानदार कार्यशैली को देखा है। आज ये उप वन संरक्षक, आईसीएफ्आरई वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व सहायक महानिरीक्षक वन, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, विजयवाड़ा। उप वन संरक्षक, उदयपुर उत्तर। उप वन संरक्षक, वन्यजीव माउण्ट आबू। उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्रीय निदेशक, बाघ परियोजना सरिस्का। सहायक वन संरक्षक एवं प्रभारी उप वन संरक्षक, बीकानेर। उप वन संरक्षक पाली। उप वन संरक्षक, राजसमंद। सहायक वन संरक्षक एवं प्रभारी उप उपवन संरक्षक, करौली रहे हैं। बाघों के संरक्षण में महती भूमिका निभाने वाले शानदार वनाधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



श्री बालाजी करी
(आईएफएस)

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 14 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रुआल आमुन्सन 1911 में दक्षिणी ध्रुव की यात्रा।
- एनी बेसेन्ट को 1921 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ़ लेटर्स' की उपाधि से विभूषित किया।
- सन 1922 में यूनाइटेड किंगडम में आम चुनाव।
- ब्रिटिश उपनिवेश जिब्राल्टर एवं स्पेन के बीच स्थित विशाल ग्रीन गेट 1982 में 13 वर्षों के बाद पुनः खोला गया।
- जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने 1983 में खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।
- बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने 1995 में पेरिस में डेटन संधि पर हस्ताक्षर करके साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था।
- ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती के लिए 1997 में विश्व के सभी देश सहमत।
- सन 1998 में हुए 23वें काहिरा अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में तमिल फ़िल्म 'टेररिस्ट' में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- जॉर्ज वॉकर बुश 2000 में अमेरिका के 43 वें राष्ट्रपति निर्वाचित।
- पाकिस्तान ने 2002 में दक्षिण अफ़्रीका को हराकर नेत्रहीनों का विश्वकप जीता।
- मैक्सिको के मेरिदा में 2003 में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किये।
- बाली समझौते के प्रारूप से विवादित प्रावधान 2007 में अलग किये गए।
- भारत ने 2008 में अर्जेन्टीना के ख़िलाफ़ अंडर-21 हॉकी टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच 4-4 से ड्रा खेला।

### 14 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- अपने समय में उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध वकील और प्रसिद्ध सार्वजनिक कार्यकर्ता जगत नारायण मुल्ला का जन्म 1864 में हुआ था।



- निबन्धकार, लेखक, कहानीकार उपेन्द्रनाथ अश्क का जन्म 1910 में हुआ था।
- प्रसिद्ध भारतीय योग गुरु बी. के. एस. अयंगर का जन्म 1918 में हुआ था।
- नोबेल पुरस्कार विजेता रूसी भौतिक विज्ञानी निकोले बासोव का जन्म 1922 में हुआ था।
- भारतीय अभिनेता राज कपूर का जन्म 1924 में हुआ था।
- प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक श्याम बेनेगल का जन्म 1934 में हुआ था।
- भारतीय सिनेमा में बंगाली और हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता विश्वजीत चटर्जी का जन्म 1936 में हुआ था।
- भारतीय नेता इंदिरा गाँधी के छोटे पुत्र संजय गाँधी का जन्म 1946 में हुआ था।
- भारत के पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज का जन्म 1953 में हुआ था।


### 14 दिसंबर को हुए निधन

- अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन (प्रथम) का निधन 1799 में हुआ।
- परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक और फ़्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह सेखों का निधन 1971 में हुआ।

## विशेष आलेख

# एशिया, यूरोप और नाटो के शक्ति संतुलन में भारत की भूमिका

**संजीव ठाकुर**



रूस में यूक्रेन पर आक्रमण कर के अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के नाक में दम कर के रखा हैद्य रूस का कहना है कि यदि यूक्रेन में नाटो देश अपनी सेना का लश्कर उतारेगा तो नाटो देश को भुगतना पड़ेगाद्य इसी श्रृंखला मैं इसराइल ने फिलीस्तीन लेबनान और ईरान पर अपना रोड रूप दिखाना शुरू कर दिया है इजराइल में हम आपका फिलिस्तीन को को लगभग नेस्तनाबूत कर दिया है, इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ़ जस्टिस नेम इजरायल के राष्ट्र प्रमुख नेताओं के खिलाफ सामूहिक हत्याकांड का प्रकरण दर्ज किया है पर इजरायल को इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा तो दुगनी ताकत से हमास फिलिस्तीन लेबनान और ईरान पर लगातार हमला कर रहा है लाखों नागरिक और सैनिकों की मौत भी हो गई है। चीन ने प्रशांत क्षेत्र में अपने कई युद्धपोत उतारकर नाटो देशों में खलबली मचा रखी है। अमेरिका की चीन से खाटी दुश्मनी जगजाहिर है अब चीन की ज्यादती ऊपर अंकुश लगाने के लिए अमेरिका तथा नाटो देश बहुत गहरी चिंता में पड़ गए हैं।

यह भी तय है एशिया में चीन की टक्कर में अब भारत एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है और भारत की सामरिक शक्ति का सहयोग लेने के लिए नाटो देश और अमेरिका भारत को हर तरह से घेरने की तैयारी में है। अब डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के साथ ही अमेरिका और भारत के नए समीकरण बनने के कगार पर हैं भारत एशिया की चीन के बाद दूसरी महाशक्ति बन चुका है और अमेरिका तथा नाटो देश ने भारत के साथ एशिया में शक्ति संतुलन बनाने की पूरी योजना तैयार कर ली है और इसी कार्यक्रम में भारत को नाटो प्लस में शामिल होने का प्रस्ताव भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नाटो में कुल 31 देश शामिल है और नाटो प्लस इसके एक एक्सटेंशन की तरह ही है आपको बता दें की नाटो प्लस में शामिल पांच देश वर्तमान में है जिनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इजराइल, जापान ,दक्षिण कोरिया शामिल है और यह देश अपने-अपने हितों के कारण नाटो प्लस तथा अमेरिका से जुड़े हुए हैं। जाहिर है कि इसमें एक भी अटलांटिक देश शामिल नहीं हैद्य नाटो प्लस में सम्मिलित देशों को सामूहिक सुरक्षा के दायरे में रखा गया है सुरक्षा कवच के तहत यह सामूहिक अवधारणा है कि इन देशों पर यदि कोई दूसरा देश आक्रमण करता है तो यह माना जाएगा की वह इन सदस्य देशों पर हमला कर रहा है और उसकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी नाटो देशों की होगी पर नाटो प्लस के देशों को सुरक्षा कवच के दायरे से बाहर रखा गया है। इन देशों को सामरिक सूचनाएं और सामरिक सहयोग प्रदान नाटो देश करता रहेगा द्यदूसरी तरफ नाटो देश और अमेरिका हमेशा युद्ध के समय सदस्य देशों को यूक्रेन की तरह धोखा देने में माहिर होने के लिए जगजाहिर हो चुके हैं ऐसे में भारत को नाटो प्लस में शामिल होने के लिए कई बार विचार करना पड़ेगाद्य वैसे नाटो प्लस में शामिल होने के लिए अभी केवल अमेरिकी सांसदों का प्रस्ताव ही पारित हुआ है और अमेरिकी सरकार का पक्का प्रस्ताव भारत को नहीं मिला हैद्य पिछले 5 वर्षों से भारत नई शक्ति के रूप में तेजी से शक्तिशाली हुआ है और अमेरिका तथा यूरोपीय देश भारत को एशिया की चीन के बाद दूसरी बड़ी शक्ति मान कर उसे अपनी तरफ शामिल करने के लिए काफी हद तक इच्छुक हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैद्य प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा में भविष्य में नाटो प्लस पर भी चर्चा हो सकती हैद्य भारत के संबंध अमेरिका से पिछले एक दशक से थोड़े मधुर हुए हैं पर अमेरिका का जैसा भारत के साथ इतिहास रहा है उस पर आंख मूंदकर विश्वास किया जाना बहुत मुश्किल ही समझा जाएगा। अमेरिका पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वह अपने मित्र राष्ट्रों पर एन वक्त में धोखा देने में माहिर है जिसके ताजा उदाहरण अफगानिस्तान और यूक्रेन की तरह देखा जा सकता हैद्य अफगानिस्तान अमेरिका के धोखे के कारण तालिबानी आतंकवादियों के हाथ में चला गया और यूक्रेन पूरी तबाही के कगार पर बैठा हैद्य उल्लेखनीय है कि यूरोपीय देश भारत को इनके खिलाफ इस्तेमाल करने की योजना भी बना सकता हैद्य भारत की विदेश नीति हमेशा स्वतंत्र चलने की रही है ऐसे में यदि किसी गठबंधन के तहत वह अमेरिका या यूरोपीय देशों के साथ सामरिक समझौता करता है तो वह भारत की नीति के विरुद्ध होगाद्य वैश्विक परिवेश में शीत युद्ध की स्थिति बन चुकी है और भारत को अपनी विदेश नीति की स्वायत्तता पर हटके रहकर निरपेक्ष ही रहना चाहिए क्योंकि नाटो प्लस के देश ऑस्ट्रेलिया ,इजरायल, साउथ कोरिया, न्यूजीलैंड और जापान विभिन्न तरीकों से अमेरिका तथा नाटो देश से अपने हित के लिए जुड़े हुए हैंद्य नाटो प्लस में शामिल होने से निश्चित तौर पर चीन भारत से नाराज हो सकता है इसके अलावा अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की गहरी निकटता से भारत का परंपरागत मित्र रूस जिसने भारत के युद्ध काल में हमेशा मदद की है बुरा मान सकता है इन परिस्थितियों को देखते हुए भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर अडिग रहकर एक संतुलन बनाकर यूरोपीय देशों से सुरक्षित मित्रता एवं सुरक्षित दूरी रखकर चलना होगा क्योंकि भारत वसुधैव कुटुंबकम की नीति पर चलता आया है जबकि नाटो देश एक मजबूत सैन्य संगठन की तरह स्थापित है और ऐसे में किसी सैन्य संगठन में शामिल होना भारत की नीतियों के विरुद्ध होगा और भविष्य में नुकसान भी हो सकता हैद्य स्वतंत्रता के बाद से ही भारत की स्वतंत्र विदेश नीति ही विकास का मूल मंत्र रही है वर्तमान में भारत के संबंध अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस, यूक्रेन तथा खाड़ी देशों से अच्छे बने हुए हैं अब किसी ग्रुप विशेष से संबंध रखने पर भारत की स्थिति डांवाडोल हो सकती हैद्य नाटो प्लस में शामिल किए जाने का प्रस्ताव केवल चीन को एशिया में चुनौती देने के लिए ही दिया गया है और निश्चित तौर पर भारत इस तरह किसी भी सामरिक शोषण के लिए तैयार नहीं होगाद्य भारत की वर्तमान आर्थिक और सामरिक स्थिति लगातार अनथक मेहनत और प्रयासों से प्राप्त हुई है और इस में गति लाने के लिए भारत को कूटनीतिक विचार मंथन करके अमेरिका तथा नाटो देशों से एक सुरक्षित दूरी तथा मित्रता रखनी होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में चयनित सक्षम परिवार का नाम हटाने का मामला

# जांच दौरान पता चलने पर बाजार भाव से होगी वसूली

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए राज्य सरकार की ओर से गिव–अप अभियान चलाया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि 31 जनवरी, 2025 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान यदि सक्षम व्यक्ति अपने नाम योजना से नहीं हटवाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्तियों के नाम योजना से हटाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव–अप अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अपात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्ति जैसे–आयकर दाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी व अर्द्धसरकारी कर्मचारी व अन्य सक्षम व्यक्ति अपने क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानदार के पास जाकर निर्धारित फॉर्म भरकर योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2025 तक योजना से स्वेच्छा से अपना नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र अथवा सक्षम व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही कर उनके द्वारा उठाए गए राशन की बाजार भाव से वसूली की जाएगी। योजना से नाम हटवाने का फॉर्म जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानदारों के पास उपलब्ध है। अपात्रों के नाम एनएफएसए सूची से हटाकर उनके स्थान पर पात्र व जरूरतमंद व्यक्तियों के नाम योजना में जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।

# किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन, किसानों को विभिन्न योजनाओं से किया लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में अजमेर से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए किसान सम्मेलन का जिला स्तरीय समारोह कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। साथ ही, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, सीईओ परशुराम धानका, कृषि एवं उद्यानिकी तथा सहकारिता विभाग के अधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।





कार्यक्रम में जिला प्रमुख सरोज बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि विगत एक वर्ष में राजस्थान के विकास ने नये आयाम स्थापित किये है। हर व्यक्ति के लिए नई आशा और विश्वास का समय रहा है। यह विकास केवल सरकार का नहीं बल्कि हर वर्ग के व्यक्ति का है। सरकार ने किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं समेत हर वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता में रखा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि किसान सम्मेलन में कृषि विभाग द्वारा निराश्रित पशुओं से बचाव के लिए कांटेदार तारबंदी योजना में टोंक जिले में 511 किसानों के खाते में 160.64 लाख रुपये, जल संरक्षण के लिए फार्म पौंड योजना में 298 किसानों के खाते में 197.35 लाख रुपये की राशि, सिंचाई पाइप लाइन पर 545 किसानों के खातों में 15.19 लाख रुपये की टॉप अप राशि, कृषि यंत्र योजना में 235 किसानों को 21.38 लाख रुपये की राशि उनके खातों में डाली गई। इसी तरह स्थायी वर्मी बेड संरचना योजना में 14 किसानों के खातों में 7 लाख रुपये, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 397 बालिकाओं के खातों में 63.35 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। उद्यान विभाग द्वारा भी किसानों को लाभान्वित किया गया। सूक्ष्म सिंचाई योजना में 352 किसानों के खातों में 54 लाख रुपये की टॉप अप राशि, प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 864 किसानों को लाभान्वित किया गया। दी सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक लि. के प्रबंध निदेशक रोहित सिंह ने बताया कि किसान सम्मेलन सहकारिता विभाग की राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के 4 लाभार्थियों को गोपाल क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही, 5 समितियों को 100 एमटी गोदाम निर्माण का स्वीकृति पत्र दिया गया।

**आज सहकारिता मंत्री करेंगे जिला विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन :** कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शनिवार, 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे कृषि ऑडिटोरियम में राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक जिला विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन, स्टॉल निरीक्षण, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन करेंगे। महिला सम्मेलन में राजीविका के स्वयं सहायता समूह को रिवॉल्विंग फंड 45 लाख रुपये का चैक, महिला निधि बैंक से स्वयं सहायता समूह को 4.50 करोड़ का ऋण चैक वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही, ड्रॉन दीदी का सम्मान, लखपति दीदी को प्रमाण पत्र, लाडो योजना के तहत महिलाओं का सम्मान, पीएम मातृ वंदन योजना के तहत महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। विद्युत विभाग द्वारा महिला लाभार्थियों को इंडक्शन कुकर का वितरण होगा।

## अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र राज पुरोहित अध्यक्ष निर्वाचित

# भगवान सिंह गुर्जर उपाध्यक्ष व विरेन्द्र शर्मा सचिव निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष पद पर एडवोकेट राजेन्द्र राज पुरोहित को निर्वाचित धोषित किया गया है। साथ ही संघ के उपाध्यक्ष व सचिव पद पर एडवोकेट भगवान सिंह व विरेन्द्र शर्मा को निर्वाचित धोषित किया गया है।



शुक्रवार को अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए मतदान हुआ। मतदान के तुरन्त बाद मतो की गिनती की गई। निर्वाचन अधिकारी कमल कुमार ने मतगणना के बाद परिणाम जारी करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद निर्वाचित हुए एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित को 50 मत मिल। वहीं अध्यक्ष पद के लिए मैदान में डटे व दूसरे स्थान पर रहे कृष्णगोपाल चौधरी को 46, तथा रघुवीसिंह आखतड़ी को 31 , महेन्द्र शर्मा 6, रामावतार शर्मा खेड़ा को 2 मत मिले। , वहीं संघ उपाध्यक्ष पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में एडवोकेट भगवान सिंह को 74 मत मिले व दूसरे स्थान पर रहे एडवोकेट सद्दाम हुसेन 62 को मत मिले। दसके अलावा सचिव पद पर विजयी रहे विरेन्द्र शर्मा को 95 व दूसरे स्थान पर रहे बैजनाथ को 40 मत मिले। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व संघ के कोषाध्यक्ष पद पर नवरतन जाट व पुस्तकालय अध्यक्ष पद अशोक साहू को निर्विरोध निर्वाचित धोषित कर दिया गया था। परिणाम जारी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने अभिभाषक संघ के सभी नए पदाधिकारियो को शपथ दिलाई। अदालत परिसर में परिणाम जारी होने के बाद समर्थको में खुशी का माहोल रहा। साथ ही संघ के सभी सदस्यो ने संघ के सभी नए पदाधिकारियो का स्वागत सम्मान किया।

# मुख्यमंत्री ने गौरी शंकर को दिया राज्य स्तरीय कृषक पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले की मलारना डूंगर पंचायत समिति के गांव गम्भीरा निवासी प्रगतिशील कृषक गौरीशंकर मीणा को कायड अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जैविक खेती के लिए आत्मा योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय कृषक पुरूस्कार के रूप में 50 हजार रू रुपए का चैक प्रदान किया। प्रगतिशील सीमान्त कृषक गौरीशंकर मीणा ने रासायनिक खाद, कीटनाशकों के अत्याधिक उपयोग से मानव शरीर पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में यूट्यूब व अन्य प्रकार से जाना तो उन्होंने परम्परागत खेती से हटकर कुछ अलग करने की सोची। इसलिए उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, उन्नत कृषि तकनीक के साथ–साथ जैविक खेती को अपनाने का संकल्प लिया ताकि न सिर्फ उनके परिवार को बल्कि आम उपभोक्ता को भी अच्छा स्वास्थ्य मिले। इसके लिए उन्होंने अपने गांव गम्भीरा में करीब 5 बीघा कृषि भूमि पर वर्मीकम्पोस्ट यूनिट द्वारा केंचुऑ खाद उत्पादन प्रारम्भ किया। इसके साथ–साथ उन्होंने रासायनिक कीटनाशक के स्थान पर नीम पत्ती, आंकड़े के पत्तों आदि से जीवामृत, बीजामृत देशी कीटनाशक तैयार किया। इसका प्रयोग उन्होंने गेंहू व सरसों की फसल पर किया जिससे पैदावार में बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने अमरूदों के बगीचे पर वर्मीकम्पोस्ट का उपयोग किया तो अमरूद लखनऊ 49, हिसार सफेदा किस्म पर वर्मीकम्पोस्ट का उपयोग किया तो उसके परिणाम ने उन्हें चौंका दिया। वर्मीकम्पोस्ट व देशी कीटनाशक के उपयोग से बगीचे में न तो कीट व पौध व्याधियों का प्रकोप हुआ बल्कि इनके इस्तमाल से अधिक मीठास वाले व चमकदार अच्छे गुणवत्तायुक्त अमरूद के उत्पादन होने से उन्हें पहले से कई अधिक मुनाफा हुआ। नीम आदि से जीवामृत, बीजामृत इत्यादि कीटनाशक तैयार कर फसलों पर प्रयोग किया जिससे मिट्टी की न तो उवर्रता क्षमता में कमी आयी न ही रसायनिक कीटनाशक जैसी बीमारी उत्पन्न होने का खतरा रहा। इसके साथ–साथ उन्होंने खड़ी फसल अवशेष पर वेस्ट डी कम्पोजर का छिड़काव कर न सिर्फ अवशेष नियंत्रण का महत्वपूर्ण कार्य किया है बल्कि उसे खाद् में तबदील कर अच्छी पैदावार भी ली है। फसली चक्र ट्राईकोड्रमा, पीएसबी, राईजोबियम, केंचुवॉ खाद, नीम कीटनाशक, जीवामृत, बीजामृत इत्यादि का उपयोग कर कृषक ने अपने प्रगतिशील व जनहितैषी होने का परिचय दिया है।




# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों को दी विभिन्न कल्याणकारी सौगातें जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में कलेक्टर ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष' की थीम पर किसान सम्मेलन का राज्य स्तरीय समारोह प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कायड़ अजमेर में आयोजित हुआ। किसान सम्मेलन का जिला स्तरीय समारोह शुक्रवार को रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख सुदामा मीणा ने की। जिला स्तरीय समारोह में गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के चयनित लाभार्थियों बृजमोहन गुर्जर, पप्पी देवी, मुस्ताक, भंवरलाल एवं हंसराज को एक–एक लाख रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। इसी प्रकार खण्डार की रूकमणी देवी, भूरी पहाड़ी के सुरेश, कारोलीघाटी के हनुमान जाट सहित 15 पशुपालकों को दुग्ध संकलन केन्द्र आवंटन पत्र वितरित किए गए। वहीं 9 पशुपालकों को सरस डेयरी बूथों का आवंटन भी किया गया। इसी प्रकार जिले के 65 कृषकों को फार्म पौण्ड के लिए 41.74 लाख, 439 कृषकों को पाईप लाइन के लिए 62.56 लाख, 201 कृषकों को तारबंदी के लिए 66.10 लाख, 1 कृषक को वर्मी बेड (स्थायी) के लिए 0.50 लाख, 4 कृषकों को गोवर्धन जैविक उवर्रक योजना के अन्तर्गत 0.40 लाख एवं कृषि संकाय में अध्ययनरत 123 छात्राओं को 23.15 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस दौरान जिला स्तरीय समारोह में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, उप निदेशक एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा अमर सिंह, उप निदेशक उद्यान लखपत मीणा, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, पंचायत समिति सदस्य प्रेम प्रकाश शर्मा सहित विभागीय अधिकारी, कार्मिक, जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।



# एडवोकेट रामधन चौधरी अध्यक्ष जोरावर सिंह मीणा उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां शुक्रवार को अभिभाषक संघ के चुनाव न्यायालय परिसर में संपन्न हुए। एडवोकेट छीतर सिंह,अजीत सिंह ने जानकारी में बताया कि शुक्रवार को अभिभावक संघ देवली के चुनाव दौरान मतदान प्रकिया सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक चलती रही। चुनाव मतदान में कुल 76 अधिवक्ताओ ने अपने मत का प्रयोग किया। इसके बाद न्यायालय परिसर मे अधिवक्ताओ के बीच हार जीत के कयास चलते रहे। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव परिणाम की घोषणा की जिसमें एडवोकेट रामधन चौधरी अध्यक्ष जोरावर सिंह मीणा उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इस अवसर पर चुनाव निर्वाचन अधिकारी पारस जैन व प्रदीप नागरवाल ने बताया कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट रामधन चौधरी को 40 व एडवोकेट सांवरिया बैरागी को 36 मत मिले।

इस तरह 4 मतो से रामधन चौधरी विजय घोषित हुए। वही उपाध्यक्ष पद लिए जोरावर सिंह मीणा को 48,मत भावना जैन को 24, रणजीत बैरवा कुल 4 मत मिले । यहां उपाध्यक्ष पद पर जोरावर सिंह मीणा को 24 मतो से विजय घोषित किया गया। चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद प्रतिद्वंदी एडवोकेट सांवरिया बैरागी ने चौधरी को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी इस मौके पर उपस्थित सभी अधिवक्ताओ ने विजेता प्रत्याशियों को माला पहना कर स्वागत किया और बधाई के साथ शुभकामनाएं भेंट की।

इस मौके पर एडवोकेट छीतर सिंह अजीत सिंह प्रकाश चंद जैन शिवराज सिंह मीणा बंसी कलवार वीरेंद्र जैन, राजेश जैन रिंकू मीणा रश्मि वर्मा अमित सेन कमलेश वैष्णव संदीप कटिया भारत सिंह सोलंकी नरेंद्र वर्मा सागर चौहान अनिल चौहान ललित चौहान अनिल बरेटिया मानसिंह मीणा बाबूलाल मीणा वीरेंद्र जैन (चीनू) सत्यनारायण धाकड़ शिवकुमार सांवरिया शोभाराम मीणा राजेंद्र शर्मा सहित इत्यादि एडवोकेट उपस्थित रहे।

# ऊष्ट्र रोग निदान एवं उपचार शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** वर्तमान सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में पशुपालन विभाग द्वारा ऊष्ट्र संरक्षण योजना अन्तर्गत शुक्रवार को ऊंट बाहुल्य क्षेत्रों बालेर, लहसोडा, बुचौलाइ में ऊष्ट्र रोग निदान एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। पशुपालन विभाग सवाई माधोपुर के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने बताया कि शिविर में जिले के ऊष्ट्र पालको के ऊंटो को उपचार एवं सामान्य जांच व ऊंटो के उपचार हेतु नि:शुल्क दवा उपलब्ध करवायी गई। उन्होंने बताया कि लहसोडा में शिविर प्रभारी डॉ. मयंक गोयल, बालेर में डॉ. नरेश गोयल एवं बुचौलाई में डॉ. चन्द्रप्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

# जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक कल डिग्गी में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के डिग्गी स्थित जाट धर्मशाला में रविवार 15 दिसम्बर को 11.30 बजे जिला समाज सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष उम्मेद सिंह दगोलिया की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक रखी गई है। प्रवक्ता मुकेश खादवाल ने बताया कि बैठक में समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 22वें जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# अध्ययन शिविर में स्काउट गाइड ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय टोंक के तत्वाधान मे दिनांक 11.12.2024 से 13.12.2024 तक प्रकृति अध्ययन शिविर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घाटी मालपुरा में आयोजित हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कडिला, विवेकानंद बाल विद्या निकेतन चांदसेन, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोलीपुरा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घाटी, श्री कल्याण पब्लिक स्कूल सोडा, राजकीय महाविद्यालय, एवं ओपन रोवर क्रू रेंजर टीम के स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने भाग लिया। प्रकृति संरक्षण के लिए स्काउट गाइड प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। इस अवसर पर सी.ओ. गाइड आचू मीणा ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब गतिविधियों के अंतर्गत पौधारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, कौशल विकास सन्दर्भित नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। स्थानीय संघ सचिव गजेन्द्र सिह चैधरी टेऊनिंग काउंसलर निलेश विजय, राजाराम गुर्जर, कन्हैयालाल सैनी, मोहन लाल शर्मा, रोवर स्काउट संजय मीणा, विजय यादव, आशीष गुर्जर आदि ने सहयोग किया। सी. ओ. गाइड आचू मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट को प्रदेश प्रतिनिधि मनोनीत किया गया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** राजस्थान पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रामलाल ताखर ने संगठन की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। नवगठित कार्यकारिणी में साजिद अहमद महामंत्री, विजेन्द्र कोषाध्यक्ष, जयनारायण जाट को प्रदेश प्रतिनिधि, भगवान सहायक शर्मा व रामधन गुर्जर को जिला सरंक्षक, मुकेश चौधरी को जिला संयोजक, रामसहाय बैरवा निवाई, रामराय मीणा पीपलू, विकास शर्मा टोंक व शंकरलाल सैन देवली को उपाध्यक्ष, शंकरलाल धाकड़ टोडारायसिंह व महेन्द्र भालोट मालपुरा को संगठन महामंत्री, रामपाल सैनी पीपलू व सरिता चौधरी टोंक को जिला प्रचार मंत्री, रामराज बैरवा उनियारा, मुकुट बिहारी नागर उनियारा, धर्मराज गुर्जर टोडारायसिंह को संगठन मंत्री, राकेश साहू को जिला प्रवक्ता, बिशना माली मालपुरा, विमला गुर्जर टोंक, आराधना शर्मा, भवरी जांगिड़,को महिला मंत्री तथा शिवचरण शर्मा देवली व लोकेश शर्मा निवाई को मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया है।

### सरकार के एक साल पर आयोजित हुआ किसान सम्मेलन

# 74 लाख से अधिक किसान एवं पशुपालकों के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर, कई योजनाओं का मिला लाभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार का एक साल पूरा होने के मोके पर आयोजनों के आज दूसरे दिन जिला मुख्यालय कोटपूतली में राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के हॉल में किसान सम्मेलन किया गया। राज्य स्तर के कार्यक्रम का जिले में लाइव प्रसारण किया गया । इस दौरान मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की द्वितीय किश्त जारी करने, किसानों को फव्वारा संयंत्रों की स्थापना के लिए अनुदान राशि का हस्तांतरण, फार्म पौंड, पाइप लाइन,तारबंदी, वर्मी कम्पोस्ट, कृषकों को कृषि यंत्रों एवं जैविक खाद के लिए अनुदान, सौर ऊर्जा पंपों की स्वीकृतियां, गोदाम निर्माण, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पशुपालकों के लिए 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण, डेयरी बूथ का आवंटन आदि कार्य किए गए।



### सरकार ने जो कहा कर के दिखाया

इस अवसर पर कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि विगत एक वर्ष में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बहुत प्रशंसनीय कार्य किया है। राज्य सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया है। सरकार की कथनी और करनी सबके सामने है।

**किसानों को सरकारी योजनाओं से किया लाभांवित :** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को किसान सम्मेलन के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को किसानों तथा पशुपालकों को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, सहकारिता तथा गोपालन विभाग के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं जैसे पर ड्रॉप मोर क्रॉप, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, पन्नाधाय बाल गोपाल योजना, अमृत आहार योजना, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना आदि योजनाओं में आवेदन प्रक्रिया तथा लाभ की जानकारी दी।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर बानसूर उपखंड अधिकारी अनुराग हरित, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक महेंद्र कुमार जैन, हॉर्टिकल्चर उपनिदेशक सरदारमल यादव, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरीश गुर्जर, सहकारिता के सहायक पंजीयक प्रकाश नारायण झा, कोटपूतली तहसीलदार रामधन गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान पशुपालक व लाभार्थी मौजूद रहे।



# प्लास्टिक बैन पर सेमिनार आयोजित, वक्ताओं ने जताई चिंता

### अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गो संवर्धन मंच, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, गायत्री परिवार व वाई.पी.एस.एम. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में वाई.पी.एस.एम. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल कैम्पस में प्लास्टिक बैन पर हुई सेमिनार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के डीन व कार्यक्रम संयोजक डॉ0 अशोक पाठक ने बताया कि आज प्लास्टिक एक भयंकर प्रदूषण का कारण बन गया है। साथ ही साथ मानव जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव यह डाल रहा है। अत: प्लास्टिक को कैसे रोका जाए और जीवन में किस तरह से कम से कम उसका उपयोग किया जाए। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि श्रीअयोध्या धाम आश्रम पुरानी चुंगी जयपुर रोड, अलवर के महंत श्री श्री 108 श्री गंगादास वेदान्ती जी महाराज मुख्य संरक्षक अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गो-संवर्धन मंच ने कहा कि युवाओं के लिए प्लास्टिक कम करना आसान नही है, लेकिन ये संभव है। सबसे पहले, अपने आस-पास से शुरू करो। आर.एस.एस. के पर्यावरण ईकाई के जिला संयोजक उमराव लाल सैनी ने पर्यावरण को संरक्षित रखने के साथ-साथ उसके सकारात्मक पक्ष पर भी अपने विचार रखें और प्लास्टिक जीवन में किस तरह से हानिकारक है इस पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जीवन में पर्यावरण की उपयोगिता बहुत जरूरी है। पानी और वायु किसी तकनीक से नहीं बन सकते। कोई भी कंपनी किसी बोतल या सिलेंडर में बंद करके अपना ठप्पा लगा देता है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसने वह निर्माण किया है। यह ईश्वर प्रदत्त चीजें हैं लेकिन इसको सुरक्षित और संवर्धित रखना हमारी जिम्मेदारी है। अत: प्लास्टिक का प्रयोग ना करें तो बेहतर है और करना पड़े तो कम से कम करें और उसे यूं ही व्यर्थ न बेकार करें। अन्यथा वह दूसरे के लिए बहुत बड़ा हानिकारक साबित होगा। इंजीनियर आर. सी. एल. ने भी अपने विचार रखे और साथ ही साथ यह बताया की प्लास्टिक की आयु बहुत लंबी होती है। यह अनेक वर्षों तक भी खत्म नहीं होता है और यह जब तक रहता है तब तक हानि ही हानि पहुंचती है। पानी या खाद्य पदार्थों में प्लास्टिक मिल जाता है तो उसके गुण खाद्य पदार्थ में चले जाते हैं और वह हमारे जीवन में जाकर के कैंसर जैसी महामारियों को जन्म देते हैं, अत: इसका प्रतिबंध होना चाहिए। वरिष्ठ चिकित्सक व मुख्य टस्ट्री गायत्री परिवार डॉक्टर सरोज गुप्ता ने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही वाई.पी.एस.एम. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल की चेयरमैन डॉ. मंजू अग्रवाल ने अपने विचार रखे ।

इस कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविधालय, शातिकुंज हरिद्वार से आये विधार्थि नेहा सिंघल, सलोनी शर्मा व अनाहीता ने पर्यावरण पर गीत प्रस्तुत किया।

अखिल भारतीय पर्यावरण एवं गो संवर्धन मंच के सचिव क्षितिज माथुर ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया एवं इस अवसर पर सतीश मोदी, नवीन कुमार, इंजीनियर एल. के. तिवाडी, इंजीनियर सी. आर. गालव, भवानी शर्मा, एवं गायत्री परिवार की आशा तिवाडी एवं होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल के आदि शिक्षक भी उपस्थित रहे और अनेक बच्चों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन हरीश शर्मा ने किया।

# मन्त्र पण्डित के हाथ में और न्याय आपके हाथ में : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के बानसूर स्थित अपर जिलाधीश न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि विधायक देवीसिंह शेखावत ने दिलवाई। इस मौके पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि मन्त्र पंडितो के अधीन तो क़ानून आपके अधीन। उन्होंने कहा कि आज का शपथ ग्रहण समारोह सार्थक है क्योंकि आपने निर्विरोध निर्वाचन कर एक मिशाल पेश की है।उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र की खूबी में तीन स्तम्भ विधायिका, कार्यपालिका और न्याय पालिका के अपने - 2अधिकार है जो लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। शेखावत ने कहा कि जो आपने बताया वह अपर्याप्त है क्योंकि आपको बड़ा मांगना चाहिए था। आप राजस्थान के किसी भी हिस्से में जाएं और एक अनोखा चित्र लाएं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रही सरकार प्रदेश को अग्रणी प्रदेशों में लाना चाहती है। वहीं प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव ने कहा कि सभी एर्जेसियों के अपने दायरे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में पंचायत समिति कोई निर्माण नहीं करवा सकती तो नगर पालिका पंचायत समिति क्षेत्र में कोई कार्य नहीं करवा सकती। मुझे पंचायत समिति क्षेत्र में कोई कार्य बताओ तुरन्त करवा दूंगा और यदि आप चाहें कि मेरी पॉकेट से निर्माण कार्य हो तो वह करवा दूंगा। वहीं नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सज्जन मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका सड़क निर्माण या अन्य कार्य करवा सकती है। लेकिन भवन निर्माण नहीं! आप मुझे सड़क बताओ मैं एक की जगह पांच सड़कें बनवा दूंगा। इस मौके पर सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।




# बहादुर सिंह की 53 वीं पुण्यतिथि पर विशाल तिरंगा यात्रा व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम मोलाहेड़ा में शुक्रवार को शहीद बहादुर सिंह की 53 वीं पुण्यतिथि पर विशाल तिरंगा यात्रा व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पटेल ने शहीद कैलाश गुर्जर स्मारक से हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि राष्ट्र की सेवा से बढकर कोई धर्म नहीं है। राष्ट्र धर्म को निभाने में दुनिया भर में भारत का नाम शिखर पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हम अपने घरों पर सलामत है, इनका सम्मान करना हमारे लिये गौरव की बात है। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस दौरान भारत माता जिंदाबाद, शहीद अमर रहे के नारों एवं देश भक्ति गीतों से पूरा गांव देश भक्ति में रम गया। आयोजनकर्ता समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने कहा कि शहीद बहादुर सिंह गुर्जर 21 राजपूत रेजीमेंट में कार्यरत थे। 1971 के भारत-पाक युद्ध में ऑपरेशन फेक्टस में शौर्य पराक्रम का परिचय देते हुये वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इस मौके पर वीरांगना मिश्री देवी, बनारसी देवी, शर्मिला, बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, शीशराम सरपंच, कैलाश गुर्जर, कृष्ण जांगल, उपसरपंच रामकुमार, रामस्वरूप, कमलेश, जितेंद्र यादव, इंद्राज कसाना, रामचंद्र सैनी, महेश निर्वाण, लक्ष्मीकांत, वासुदेव गुप्ता, मुकेश चौधरी, राजू, योगेश समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### राज्य सरकार के एक साल पूरा होने पर 17 दिसम्बर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# 14 दिसम्बर शनिवार को दोपहर 12 बजे से प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित होगा राज्य/जिला स्तरीय महिला सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर 17 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में 14 दिसम्बर को प्रात: 12 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में राज्य /जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। इस दौरान विभिन्न योजनाओं में लाभांवित होने वाले लाभार्थियों को स्वीकृति पत्रा/चैक वितरण, योजनाओं का वर्चुअल शुभारम्भ, नवीन लखपति दीदी का सम्मान, लखपति दीदी ऋण योजना का शुभारम्भ, महिला निधि बैंक से स्वयं सहायता समूहों का ऋण स्वीकृतिकरण, चिन्हित कलस्टरों में नमो ड्रोन दीनी का सम्मान, आंगनबाडी केंद्रों में मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारम्भ, लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को प्रथम किश्त का हस्तांतरण आदि गतिविधियां आयोजित होगी। कार्यक्रम को ग्राम पंचायत, ब्लॉक, नगरीय निकाय स्तर, जिला स्तर, आंगनबाडी, स्यं सहायता समूह एवं ग्राम स्तरीय संगठनों को वर्चुअल रूप से जोडा जाएगा। इसी प्रकार 15 दिसंबर को प्रात: 11 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में अंत्योदय सेवा शिविर आयोजित कर दिव्यांगों को स्कूटी वितरण, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ, निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत राशि का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को ऋण की स्वीकृति, स्वास्थ्य आपके द्वार अभियान सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा तथा 17 दिसंबर को प्रात: 12:30 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा।



# दक्ष शिक्षण संस्थान में नवचयनित आरजेएस ईशपाल सिंह ने प्रतियोगियों का किया मार्गदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** दक्ष शिक्षण संस्थान भरतपुर में राजस्थान न्यायिक सेवा में चयनित हुए ईशपाल सिंह ने प्रतियोगी छात्रों को परीक्षाओं में तनावमुक्त रहते हुए सफलता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया ।

संस्थान के निदेशक पवन सिंह भगौर द्वारा सर्वप्रथम न्यायिक सेवा में सफलता अर्जित करने वाले ईशपाल सिंह का माला , साफा , शॉल , और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । तथा कहा कि भरतपुर के लिए ये गर्व की बात है न्यायिक सेवा में भी यहां से चयन हो रहे है नवचयनित जज ईशपाल सिंह ने बच्चो का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रतियोगी छात्रों को सदैव अनुशासन में रहते हुए और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ना चाहिए तथा मॉक टेस्ट और टेस्ट सीरीज देकर कैसे अपनी कमियों को दूर कर सफलता प्राप्त की जा सकती है आदि के बारे में बताया । मनोविज्ञान विशेषज्ञ वैभव उपमन ने कहा कि प्रतियोगियों को सकारात्मक रहते हुए शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए जिससे उनको बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें , सेवानिवृत्त व्याख्याता करतार सिंह ने वर्तमान में बच्चों को व्यसनों से दूर रहते हुए शिक्षा प्राप्त करने पर बल दिया । अंत मे संस्थान की निदेशिका नेहा सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोरध्वज चौधरी , शिवराज सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र और छात्रा उपस्थित थे ।



# अभिभाषक संघ वैर के अध्यक्ष पद पर हरीश भारद्वाज 6 मतों से विजयी हुये

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** अभिभाषक संघ वैर के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर हरीश भारद्वाज ने सीधी टक्कर में हेमंत धाकड़ को 6 मतों से हरा कर जीत अपने नाम करली। अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद के लिये निर्वाचन हुआ जिसमें कुल 68 मतदाताओं ने भाग लिया। मतदान शत प्रतिशत रहा ।अध्यक्ष पद के लिये हेमंत धाकड़, व हरीश भारद्वाज के मध्य चुनाव हुआ। जिसमें हेमंत धाकड़ को 31 मत प्राप्त हुए तथा हरीश भारद्वाज को 37 मत मिले तथा उपाध्यक्ष पद हेतु धर्मवीर चौधरी व अशोक सैनी के मध्य चुनाव हुआ जिसमें धर्मवीर चौधरी को 25 मत प्राप्त हुए और अशोक सैनी को 43 मत प्राप्त हुए इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद हेतु सुरेंद्र खरबेरा व हनुमान चौधरी के मध्य चुनाव हुआ जिसमें सुरेंद्र खरबेरा 47 मत एवं हनुमान चौधरी को 21 मत प्राप्त हुए इस प्रकार अभिभाषक संघ चुनाव में हरीश भारद्वाज 6 मतों से अध्यक्ष.,अशोक सैनी 18 मतों से उपाध्यक्ष और सुरेंद्र खरबेरा 26 मतों से कोषाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। सचिव पद हेतु अरुण कुमार सोलंकी तथा पुस्तकालय अध्यक्ष हेतु हेमसिंह मीना निर्विरोध चुने गए। मतदान शांतिपूर्वक रहा यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी हरवीर सैनी मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र जैन्थ एडवोकेट द्वारा जारी की गई।



# दिशा फाउंडेशन 16 को करेगी अनेको सामाजिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान निवासी दिशा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं जायसवाल युवा क्लब के राष्ट्रीय सचिव, मोटिवेशनल स्पीकर एवं समाजसेवी इंजीनियर नवीन प्रकाश जायसवाल इस बार अपना जन्मदिन 16 दिसंबर सोमवार को अनाथ, जरूरतमंद एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों के साथ मिलकर मनाएंगे। बच्चों की जरूरत का सामान भी मुहैया कराएंगे। उन्होंने बताया कि अगर कोई बच्चा अनाथ या मानसिक रूप से कमजोर पैदा होता है तो इसमें उसकी कोई गलती नहीं है इसलिए उन बच्चों को भी एक सम्मान पूर्वक जीवन जीने का पूरा अधिकार है। आजकल की सरकारे वोट बैंक की राजनीति के चलते इस तरह के बच्चों और वृद्ध जनों के अधिकारों को कम करके जातिवाद के आधार पर सक्षम लोगों को आरक्षण और सुविधा दे रही हैं। देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार दिव्यांग एवं वृद्धजनों का होना चाहिए . उन्होंने कहां की मैं समाज और देश के प्रत्येक व्यक्ति से निवेदन करता हूं कि किसी भी क्षेत्र में अगर कुछ गलत देखें तो उसका विरोध जरूर करें, अच्छा करने के लिए सुझाव दें . जो लोग अच्छा करना चाहते हैं उनका साथ दें . कानून का दुरुपयोग करने वालों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। नवीन जायसवाल अलवर, राजस्थान के मूल निवासी हैं काफी सारी संस्थाएं और अलवर जिला कलेक्टर भी उनको सम्मानित कर चुके हैं।

# नगर थानाधिकारी रविंद्र कुमार एवं एएसआई आसुखान भ्रष्टाचार के आरोप से बरी, 2009 का है मामला

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** रविंद्र कुमार, थाना अधिकारी नगर एवं आसु खान, एएसआई को भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट ने किया बरीसन 2009 में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रविंद्र कुमार, थाना अधिकारी नगर एवं आसु खान एएसआई एवं मन्नू खान के विरुद्ध नकली सोने की ईट का धंधा करने वाले जुबेर को पकड़ने व उनको छोड़ने के आरोप में रिश्वत लेने के आरोप में कार्रवाई की थीद्ध दौराने न्यायिक कार्यवाही आरोपी की तरफ से एडवोकेट सुदेश शर्मा, भरतपुर, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेषज्ञ द्वारा की गई थी। जिसमें चालान के बाद ट्रायल के दोरान मन्नू का रविंद्र व आशु खान से कोई संबंध अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया एवं दोराने न्यायिक कार्यवाही अभियोजन स्वीकृति प्रदाता द्वारा सूक्ष्मता से अवलोकन, मनन एवं स्वतंत्र मस्तिष्क के उपयोग को भी अभियोजन पक्ष आरोपित अपराध युक्तियुक्त सन्देह से परे प्रमाणित करने में पूर्णतया असफल रहा । उक्त प्रकरण में परवादी द्वारा न्यायालय में अधिवक्ता की जिरह में स्वीकार किया कि उसने किसी भी फर्द को नहीं पढ़ा और ना ही यह बता सकता है कि उनमें क्या लिखा हुआ है, सीडी को पहचानने से भी इंकार कर दिया,

दौरानी ट्रायल अभियोजन पक्ष ने 12 गवाह, 44 दस्तावेज, 38 आर्टिकल पेश किए थे, व आरोपी पक्ष ने कोई भी दस्तावेज व गवाह पेश नहीं किए थे।

# श्रीराधा मानबिहारी लाल जी का पटोत्सव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** ऊपर से भजन करते रहें भीतर से भाव की वृद्धि नहीं हो तो वह भजन कोई भजन नहीं है जीव जब तक शासन में रहता है तभी तक उसका कल्याण होता है जो बहुत उत्कृष्ट सदा साधना करते हैं वह अपने भीतर ही भगवान का दर्शन कर लेते हैं यह कहना है विरक्त संत पद्मश्री परम पूज्य श्री रमेश बाबाजी महाराज का। महाराज श्री श्रीमान मंदिर सेवा संस्थान गहवर वन बरसाना में आयोजित पाटोत्सव के अवसर पर अपना मुखारविंद से भक्तों को भक्ति रस का रसपान कर रहे थे।

# “कोटा महोत्सव” में रहेगी मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

## 23 से 25 दिसम्बर तक रिवर फ्रंट पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, मैथिली ठाकुर, रजत चौहान, विनिता चौहान एवं मोनिशा नायक की होंगी प्रस्तुतियां

बढ़ता राजस्थान




**कोटा, (का.स.)।** कोटा की पर्यटन के क्षेत्र में खास पहचान बनाने के उद्देश्य से “कोटा महोत्सव” का आयोजन 23 से 25 दिसम्बर तक किया जाएगा। इस महोत्सव में तीनों दिन ख्यातनाम कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। वहीं, फिल्म फेस्टिवल, फैशन-शो, हैरिटेज वॉक सहित उद्योग, हस्तशिल्प, कॅरियर से जुड़े आयोजन तथा सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। स्थानीय प्रतिभाओं को भी इस महोत्सव में व्यापक अवसर मिलेंगे। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कोटा महोत्सव के लोगो का विमोचन कर कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। जिला कलक्टर ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की प्रेरणा से कोटा महोत्सव का आयोजन विभिन्न आयामों को लिए हुए किया जा रहा है जिससे कोटा में पर्यटन विकास के अवसर पर खुलेंगे। वहीं, आमजन के जुड़ाव से कोटा की विरासत के संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में कदम उठेंगे। उन्होंने बताया कि कोटा महोत्सव में ख्यातनाम कलाकार मैथिली ठाकुर, रजत चौहान, विनिता चौहान एवं मोनिशा नायक सहित अन्य कलाकारों एवं दलों की प्रस्तुतियां होंगी। लोक परम्पराओं और संस्कृति को जीवंत करने के उद्देश्य से “साफा-डे” तीनों दिन रहेगा जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों, आमजन से साफा या कोटा पाग पहनने की अपेक्षा की जाएगी। कोटा महोत्सव के दौरान चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर प्रवेश निःशुल्क रखा जाएगा। एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला ने कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के कोटा संभाग के अध्यक्ष एवं कोटा व्यापार महासंघ महासचिव अशोक माहेश्वरी ने बताया कि कोटा महोत्सव को सम्मिलित प्रयासों से ऊंचाईयां दी जाएंगी जिससे कोटा के विकास में नया अध्याय जुड़ेगा। उन्होंने बताया कि होटल फेडरेशन व्यापार महासंघ ग्रेनाइट, मर्चेन्ट एसोसिएशन सहित उद्योग व्यापार से जुड़ी 160 संस्थाएं इस आयोजन की तैयारी में जुटी हैं। कोटा भामाशाह मंडी अध्यक्ष अविनाश राठी, संदीप पाड़िया एवं अन्य ने भी आयोजन को भव्य बनाने की बात कही।

**गणेश वंदन से होगा शुभारम्भ :** कोटा महोत्सव का शुभारम्भ 23 दिसम्बर को खड़े गणेश मंदिर में श्री गणेश वंदना से होगा। यहां गणेश आरती, महाश्रृंगार, फूल बंगला, भजन गायन (जूनियर अनूप जालोटा द्वारा) एवं त्रिनेत्र कत्थक केन्द्र द्वारा कत्थक प्रस्तुति दी जाएगी। चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर सायं 4 से 6:30 बजे तक चम्बल महाआरती एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा।

इसी दिन विजय श्री रंगमंच दशहरा मैदान में सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक सेलीब्रिटी कुमारी मैथिली ठाकुर एवं बरखा जोशी कत्थक कलाकार द्वारा प्रस्तुति दी जाएंगी। चम्बल रिवर फ्रंट के पूर्वी घाट पर रात्रि 10 बजे आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा।

## जश्न मनाकर आमजन के घावों पर नमक छिड़क रही है सरकार : सत्येश शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सत्येश शर्मा ने प्रदेश सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पर जश्न मनाने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की एक भी उपलब्धि ऐसी नहीं है, जिसको लेकर जश्न मनाया जावे बल्कि आम जनता को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान किसान, नौजवान महिलाओं सहित सभी वर्ग पीड़ित है।एक और किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा, किसानों को बिजली देना तो दूर सरकार के अधिकारी जबरदस्ती वीसीआर भरकर किसानों को कर्ज से डूबाने का काम कर रहे हैं। सरकार की लचीली नीतियों के कारण पेपर लीक के दोषी जमानत पर छोड़े जा रहे हैं जिससे बेरोजगारों को निराशा हुई है।महिला अत्याचार चरम पर है। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में डीएलसी के दरों को बेतहाशा बड़ा कर आम आदमी को अपना छत और घर लेने का सपना भी अधूरा ही रहता दिखाई दे रहा है। जिन कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास सरकार व सरकार के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा है वह पूर्ववर्ती सरकार के समय के स्वीकृत कार्य है। नगर परिषद द्वारा भी जनता को ना तो कोई पट्टे दिए जा रहे हैं ना ही किसी प्रकार की भवन निर्माण स्वीकृतियां अथवा भूमि कन्वर्जन इत्यादि कार्य हो रहा है। शहर में सफाई कार्य भी समय पर नहीं होने से गंदगी का आलम चरम पर है। पूरी राज्य सरकार अपनी नाकामियों का जश्न मनाकर आमजन के घावों पर नमक छिड़कने का का कार्य कर रही है।

## मीडियाकर्मी से बदसलूकी पर वकील सहित 3 जनों के खिलाफ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**अंता /बारां (शफीक मंसूरी)।** शहीद राजमल मीणा राजकीय जिला अस्पताल में धरने के दौरान कवरेज करते समय एक मीडियाकर्मी से बदसलूकी एवं उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में पुलिस ने वकील सहित 3 नामजद व 2-3 अन्य जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार फरियादी मीडियाकर्मी बृजेश यादव पुत्र हरिशचंद निवासी फतेहपुर ने बताया कि बुधवार को वह जिला अस्पताल में कवरेज करने गया था। जहां चेरब सक्सेना, महेंद्र सक्सेना व उनके साथ अन्य दो जने एक राय होकर अचानक उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने लगे और लगातार जान से मारने के धमकियां देने लगे। इस दौरान चेरब व महेंद्र ने उस पर हमला करने की नीयत से धक्कामुक्की करते हुए मारपीट की। वहीं धरने का नेतृत्व कर रहे वकील भारत भूषण सक्सेना ने भी जाति सूचक शब्दों से गालियां दी और वहां से भाग जाने को कहा। सबने एक राय होकर अपमानित किया और बारां छोड़ने व जान से मारने की धमकी दी। जब वह धरनास्थल से आने लगा तो चेरब सक्सेना व महेंद्र सक्सेना उसके आडे फिर गए एवं एक अन्य सहित तीनों ने राह में रोक कर उसके साथ मारपीट की।

### फरियादी के साथी को भी धमकी दी

रिपोर्ट में यादव ने बताया कि आरोपियों द्वारा उसे और उसके मीडियाकर्मी साथी मोहम्मद अन्नू को भी जान से मारने व बारां शहर छोड़ने की धमकी दी गई है। वहीं उन्हें मीडिया कवरेज करने से भी रोका गया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों व दो-तीन अन्य के खिलाफ धारा 3 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। जांच डीएसपी सोजीलाल मीणा को सौंपी गई है ।

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा पहुँचे ग्राम भावलिया हुआ जोरदार स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा अल्पकालीन प्रवास के चलते भावलिया पहुँचे। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री बैरवा शुक्रवार को प्रतापगढ़ प्रवास पर थे। गुरुवार को सांय करीब 7 बजे पुनः लौटते वक्त निम्बाहेड़ा समीप ग्राम भावलिया में उपमुख्यमंत्री बैरवा रुके। जहाँ जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बड़ौली के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 16 सहकारी समितियों को 3.61 का अनुदान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** राजस्थान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले की 16 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण के लिए 3 करोड़ 61 लाख रूपये की अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति जिले के जनप्रतिनिधियों की अनुशंषा के आधार पर सहकारिता विभाग द्वारा जारी की गई है। इसमें से 13 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना के अन्तर्गत 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण करवाया जाना है एवं 3 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कृषि आदान भण्डारण के लिए 100 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण करवाया जाना है। एम.डी. केन्द्रीय सहकारी बैंक कोटा बलविन्दर सिंह गिल ने बताया कि योजनान्तर्गत 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों के निर्माण के लिए जिले की सांगोद विधानसभा क्षेत्र की 7 (सावनभादो, रूपाहेडा, देवली, लक्ष्मी (कनवास), शिव (दीगोद), धूलेट व चौमाकोट) ग्राम सेवा सहकारी समितियों में, रामगंजमण्डी विधानसभा क्षेत्र की 3 (गोयन्दा, पीपल्दा, हाथियाखेड़ी) ग्राम सेवा सहकारी समितियों में, लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र की 2 (मोरपा, धाकडखेड़ी) ग्राम सेवा सहकारी समितियों में तथा कोटा शहर के 5 हजार सदस्यों वाले सहकारी मिनी बैंक की बोरखेड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति सहित कुल 13 समितियों में 25 लाख रूपये प्रति समिति अनुदान राशि की स्वीकृतियां जारी की गई है। इससे जिले में किसानों को स्थानीय स्तर पर ही अन्न भण्डारण की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी तथा एम.एस.पी. खरीद केन्द्रों का संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा।

## शोक भरे माहौल मे नेत्रदान सम्पन्न

### आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान ने करवाया नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा के गुमानपुरा निवासी प्रेम प्रकाश गुप्ता के मरणोपरांत उनका नेत्रदान आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा करवाया गया। अध्यक्ष के. के. कंजोलिया ने बताया कि प्रेम प्रकाश गुप्ता की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने के बाद उनके पुत्र नरेन्द्र व रविन्द्र गुप्ता की सहमति पर नेत्रदान सम्पन्न हुआ। सचिव सुरेश सेडवाल ने बताया कि मूलचंद गुप्ता की स्वाभाविक मृत्यु हुई। ईबीएसआर के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने बताया कि प्रेमप्रकाश गुप्ता का स्वर्गवास सुबह5.30 बजे हो गया इसके बाद सुबह 11.30 स्व निवास पर उपरान्त परिजनों से वार्ता कर नेत्रदान प्रक्रिया सम्पन्न की गई। मूलचंद गुप्ता अपने जीवन के 80 बसंत देख चुके थे।

## प्रधान मंत्री, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** विद्युत विभाग द्वारा शुक्रवार को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पर एक दिवसीय प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में सहायक अभियंता महेश कुमार ने जानकारी देते हुवे बताया कि शुक्रवार के शिविर में आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है।इसके अलावा प्रधानमंत्री की मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आम नागरिकों के पंजीकरण के आवेदन भी लिए जा रहे है। योजना के अनुसार अपने घर को सौर ऊर्जा से रोशन कर पाए मुफ्त बिजली का उपहार ,योजना के फायदे उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त उपभोग से ज्यादा उत्पादन करने पर मिलेगा निर्धारित दर से भुगतान बैंकों से सस्ती ब्याज दर पर मिलेगा।

लोन अधिक आय कम बिजली बिल और रोजगार के अवसर इच्छुक आवेदक अपना आवेदन आन लाइन https //www.pmsuryaghar.gov.in पर भी कर सकते है।

## ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, बूंदी के 75 जरूरतमंद परिवारों का किया सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** बूंदी में कार्यरत ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान की कोऑर्डिनेटर अभिलाषा अग्रवाल ने बताया पिछले 1 साल से ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान,अजेता नरसिंहपूरा और कालबेलिया बस्ती खटकड़ के 75 जरूरतमंद परिवारों के कुपोषित बच्चों को रोज सुबह दूध बिस्किट वितरण कर रही है, ताकि उन बच्चो को कुपोषण से मुक्त कर सके दिनांक 13 दिसंबर 2024 को संस्था द्वारा इन्हीं 75 बच्चों को लर्निंग किट और पढ़ने की साग्री संस्था के सहयोग से अभिलाषा अग्रवाल द्वारा वितरित की गई, ताकि बच्चे पढ़ लिख कर आगे बढ़ सके, उन्हीं परिवारों को राशन किट वितरण किए गए जिसमें हर जरूरत मंद परिवारो को 26 किलो गेहूं और 5 किलो दाल वितरित की गई7 इसी प्रकार संस्था उनका पूरा सहयोग कर रही है और आगे भी इसी प्रकार सहयोग करेगी।

## अभिभाषक परिषद बारां के चुनाव संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**अंता/बारां (शफीक मंसूरी)।** अभिभाषक परिषद के सदस्य अधिवक्ता फिरोज खान ने बताया कि शुक्रवार को अभिभाषक परिषद बारां के चुनाव संपन्न हुए,जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कमलेश दुबे व नरेंद्र सिंह हाड़ा एवं पोरससिंह में से कमलेश दुबे को 76 मतों से विजयी प्राप्त हुई । वहीँ महामंत्री पद के लिए शैलेश मेहता को जीत प्राप्त हुई ,निर्विरोध विजयी होने वाले सदस्यों में उपाध्यक्ष राजेंद्र गोस्वामी कोषाध्यक्ष धेर्य नागर सह मंत्री महेंद्र कुमार ,अंकेशक, सुरेश बेरवा,पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश गोचर ,सतर्कता आयुक्त महेश नागर ,एवं सतर्कता सदस्य फिरोज खान व प्रियांशु शर्मा निर्विरोध विजयी रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता हरि ओम अग्रवाल व सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार अग्रवाल व तुलसीराम सोमानी,ने सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं ।

## प्रभारी मंत्री ने एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष प्रदर्शनी का किया अवलोकन, पंच गौरव का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला प्रभारी मंत्री ने शुक्रवार को आर्ट गैलेरी परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंच गौरव का शुभारंभ किया इस दौरान प्रभारी मंत्री ने पंच गौरव प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया, उन्होंने कहा कि जिले के पंच गौरव सेंड स्टोन, चावल, कबड्डी, एशियन कैट व रामगढ विषधारी टाईगर रिजर्व से बूंदी जिले को पहचाना जाएगा, प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर पंच गौरव प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिले के पंच गौरव की स्टॉल पर पहुंचकर जानकारी भी ली। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाऊस में राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बूंदी द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तिका एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष का विमोचन किया। इस दौरान उनके साथ प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, राजेन्द्र कुमार मीणा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल,अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ पी सामर, पूर्व विधायक ओम प्रकाश शर्मा, रूपेश शर्मा, निर्मल मालव, कालूलाल जांगिड, गौरव शर्मा, रामबाबू शर्मा, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी आमजन मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय किसान मेला : सीएम ने डीबीटी के जरिए विभिन्न योजनाओं में किसानों को किया लाभान्वित

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार संकल्पित : कल्पना देवी

बढ़ता राजस्थान




**कोटा, (का.स.)।** राज्य सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का कायड, अजमेर से सियाम ऑडिटोरियम में सीधा प्रसारण किया गया जिसमें मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए विभिन्न योजनाओं में कृषक वर्ग को लाभान्वित किया। जिला स्तरीय समारोह की मुख्य अतिथि लाडपुरा विधायक कल्पना देवी रही। इस अवसर पर उम्मेद सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया।

विधायक कल्पना देवी ने सिआम ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लाइव के दौरान शिरकत की। इससे पूर्व उन्होंने महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में किसान मेले का उद्घाटन कर अवलोकन किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार किसानों की चिंता कर उनकी समस्याओं का निवारण कर रही है और उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर जानकारी ली और कृषि उत्पादों एवं प्रसंस्करणों की प्रदर्शनी की सराहना की। संयुक्त निदेशक कृषि रविन्द्र जैन ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा किए गए डीबीटी से जिले के किसान विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित हुए।

फार्म पोन्ड के 4, तारबंदी के 132, कृषि यंत्र के 11, गोबरधन जैविक कम्पोस्ट के 10, स्थाई वर्मी कम्पोस्ट के 2 लाभार्थियों के खातों में सीधे ही राशि का हस्तांतरण किया गया। कृषि की 406 छात्राओं के खातों में प्रोत्साहन राशि का हस्तांतरण किया गया। किसान मेले में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, डेयरी विभाग, मत्स्य विभाग एवं बीज निगम एवं संबंधित विभागों एवं संस्थाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। लाभान्वित कृषकों/प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल, कृषि विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार मनीषा तिवारी, उप निदेशक कृषि शंकरलाल जांगिड़ एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्या भारती में हिंदी मातृभाषा गौरव सप्ताह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा हिंदी मातृभाषा गौरव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 11 दिसंबर को हुआ। शुक्रवार को वंदना सभा में मातृभाषा का गौरव विषय पर विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या सरोज अहीर ने भैया-बहनों का प्रबोधन किया। उन्होंने बताया कि बालक का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उसकी प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए। नई शिक्षा नीति 2020 में भी यही दृष्टिकोण है, जिसमें यह प्रावधान है कि कक्षा प्रथम से पंचमी तक शिक्षार्थियों को शिक्षा मातृभाषा में ही दी जाएगी। श्रीमती अहीर ने कहा कि मातृभाषा संस्कार, व्यवहार, शिष्टाचार, और सामाजिक सद्भावना को सिखाती है, और यह अपनेपन का भाव भी प्रदान करती है। उन्होंने भारत के महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि वे अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त कर ही महान वैज्ञानिक बने।आगे उन्होंने यह भी बताया कि हमें गर्व है कि हिंदी साहित्य के महान लेखक जैसे डॉ. रामविलास शर्मा, हरिवंश राय बच्चन, नागेंद्र शर्मा और प्रकाश चंद्र गुप्त, जिन्होंने अंग्रेजी को जानकर भी अपनी पहचान मातृभाषा हिंदी साहित्यकार के रूप में बनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सरिता श्रृंगी ने की, जबकि मुख्य अतिथि किरण शाक्यवाल रहीं।

## विद्यालय में राज्य सरकार की तरफ से मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट वितरण

बढ़ता राजस्थान

**केशौरायपाटन(नि.स.)।** ग्राम इंद्रपुरिया मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे राज्य सरकार की तरफ से मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य अर्जुन बैरवा, विशिष्ट अतिथि ग्राम सेवा सरकारी सदस्य रामहेत बैरवा, वार्ड पंच महावीर बैरवा मौजूद रहे । विद्यालय के मेधावी छात्र ब्रह्मानंद बैरवा को निशुल्क टैबलेट वितरण किया गया साथ ही विद्यालय स्टाफ दिनेश कुमार मेघवाल, गुरुदयाल मालव, नितेश कराड, नरेंद्र शर्मा, शंकर लाल गुर्जर, निर्मला पाराशर, रिंपल अग्रवाल, शिल्पा जैन, ममता भारद्वाज, सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 15 दिसंबर तक शरद महोत्सव में आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमः पहले दिन भंवर खटाना एंड पार्टी ने दी प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर में चल रहे शरद महोत्सव मेले में गुरुवार से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। गुरुवार रात को लोकगीत गायक भंवर खटाना एंड पार्टी ने शरद महोत्सव में अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें हरियाणवी डांसर और लोक गायक कोमल चौधरी के साथ सपना और शबनम ने भी शिरकत की। जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मेला ग्राउंड पहुंचे। नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने बताया कि शरद महोत्सव में 15 दिसंबर तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पहले दिन लोक गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलाकार भंवर खटाना एंड पार्टी के साथ हरियाणवी डांसर और दूसरे लोक गायकों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लोकगीतों का लुफ्त उठाया। मेला ग्राउंड में आयोजित लोकगीत के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया। गुरुवार रात को आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने ब्रज क्षेत्र के गीत भी सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शरद महोत्सव में 15 दिसंबर तक ब्रज कला का मंचन और कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश के मशहूर कवि और कवयित्री भाग लेने धौलपुर पहुचेंगे। दूसरी ओर शरद महोत्सव में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। झूले और लजीज व्यंजनों को लेकर भी लोगों में क्रेज है। ऊंट सवारी के साथ मौत का कुआं लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

# किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त हुई जारी, जिले के 1 लाख 65 हजार किसानों को 16 करोड़ 57 लाख की राशि का हुआ हस्तांतरण





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को किसान सम्मेलन का आयोजन टाउन हॉल नगरपरिषद में जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसान युवा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है। सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी समझौते से पेयजल और कृषि के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि में 2 हजार रूपये की राशि का इजाफा हुआ है। सभी भर्ती निर्धारित समय पर पूर्ण हो रही हैं। सभी अधिकारी राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने हेतु लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की द्वितीय किश्त आज जारी की गई है, जिसके तहत जिले के 1 लाख 65 हजार 769 किसानों को 16 करोड़ 57 लाख 76 हजार रूपये की राशि का हस्तांतरण किया गया है।

किसानों को फव्वारा संयंत्रों की स्थापना के लिए अनुदान राशि का हस्तांतरण किया गया, इसके साथ ही फार्म पौंड, पाइप लाइन, तारबंदी, वर्मी कम्पोस्ट, कृषकों को कृषि यंत्रों एवं जैविक खाद के लिए अनुदान, सौर ऊर्जा पंपों की स्वीकृतियां, गोदाम निर्माण, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पशुपालकों के लिए 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण, डेयरी बूथ का आवंटन आदि कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र पाराशर तथा विधायक बाड़ी जसवंत गुर्जर, विशिष्ट शासन सचिव अनुप्रेरणा सिंह कुंतल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, उपखंड अधिकारी डॉ साधना शर्मा, भाजपा नेता सुखराम कोली, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, रानी सिलोटिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, मुकेश हनुमानपुरा, शिवचरण कुशवाह, विवेक सिंह बोहरा सहित अन्य मौजूद रहे।

# बाड़ी बार एसोशिएशन के चुनाव में दो मतो से विजयी हुए मोटा भाई

## मुकेश कौशिक, सतेंद्र बहादुर सिंह को हराया, संजीव शर्मा उपाध्यक्ष और जाकिर रिजवी बने महासचिव , मोटा भाई शब्द को सार्थक कर दिया, पूरा जीवन ऋणी रहूंगा :कौशिक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी बार एसोसिएशन के चुनाव में मतदान के बाद मतों की गणना में एडवोकेट मुकेश कौशिक को अध्यक्ष बनाया गया हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद पर संजीव शर्मा और महासचिव पद पर जाकर रिजवी विजई हुए हैं। बार एसोशिएशन के चुनाव में शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक मतदान हुआ जिसके बाद मतों की गणना की गई। चुनाव संचालन समिति द्वारा 4 बजे परिणाम जारी किया गया। इसके बाद तीनों पदों पर निर्वाचन संपन्न हुआ है अन्य पदों पर पूर्व में निर्विरोध निर्वाचन हुआ था। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एडवोकेट राधेश्याम उपाध्याय और मुरारी लाल अन्दाना ने बताया की बार संघ के 110 सदस्यों में से तीन बजे तक कुल 91 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। जिसमें से अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी मैदान में थे। जिनमे मतदान के दौरान मुकेश कौशिक को 46 मत,सत्येंद्र बहादुर सिंह को 44 मत और मनीष रावत को एक मत मिला है। ऐसे में मुकेश कौशिक को दो मतों से विजई घोषित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें से संजीव शर्मा को 42 मत,रूपसिंह किलेदार को 33 मत और निजाम खान को 16 मत मिले। ऐसे में संजीव शर्मा को 09 मतों से विजई घोषित किया गया है। इसी प्रकार महासचिव पद पर दो प्रत्याशी मैदान में थे। जिनमें से जाकिर रिजवी को 46 और जितेंद्र चौहान को 42 मत मिले हैं। ऐसे में चार मतों से जाकिर रिजवी विजयी हुए हैं। इस प्रकार तीनों पदों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई है।

### बार एसोसिएशन के यह पदाधिकारी निर्विरोध हुए निर्वाचित

वरिष्ठ अधिवक्ता भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि बार संघ के चुनाव में कुछ पदाधिकारी का पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचन हुआ है जिनमें सह सचिव पद वीरेंद्र सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश अजर और ऑडिटर बच्चू सिंह परमार बनाये गए है।

### बार के अधिवक्ता कहते थे मोटा भाई,आज कर दिखाया : कौशिक

दो मतों से अध्यक्ष बने एडवोकेट मुकेश कौशिक ने बताया कि बार में जब से उन्होंने प्रवेश किया है और कोर्ट में अधिवक्ताओं के साथ वकालत की है।

उनसे उनके छोटे अधिवक्ता हमेशा मोटा भाई कहते थे। उन्होंने हमेशा अपने सीनियर अधिवक्ताओं का सम्मान किया है। आज उन्हीं का आशीर्वाद है और छोटे भाइयों का साथ है कि वह अध्यक्ष बने हैं।सभी ने उनके मोटे भाई को सार्थक कर दिया है।

उनका प्रयास रहेगा की वे सभी को साथ लेकर बार और बेंच के बीच अच्छे संबंध बनाते हुए बार के विकास को प्राथमिकता देंगे।

### निर्वाचन के बाद हुआ सम्मान

परिणाम जारी होने के बाद अध्यक्ष बने मुकेश कौशिक, उपाध्यक्ष संजीव शर्मा और महासचिव जाकिर रिजवी सहित निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारियों का बार के सभी अधिवक्ताओं ने सम्मान किया। वहीं निर्वाचन अधिकारियों का भी आभार जताया गया।

### कई वर्षों बाद हुआ मतदान,नहीं हो सका निर्विरोध निर्वाचन

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया इस बार युवा अधिवक्ताओं के बार-बार कहने पर चुनाव कराया गया है। अन्यथा पिछले कई वर्षों से यहां निर्विरोध ही निर्वाचन होता आया है।

# शहर के मलक पाड़ा स्थित पान एवं किराना की दुकान में चोरी की घटना

## दुकान का शटर उखाड़कर चोर ले गए हजारो का सामान और नगदी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** शुक्रवार की सुबह शहर के मलक पाड़ा रोड पर पान एवं किराना व्यापारी के यहां चोरी की घटना का मामला सामने आया है।

चोरों ने गुरुवार की देर रात दुकान के शटर उखाड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा दुकान में रखे गुटके,सिगरेट एवं अन्य सामान की चोरी के साथ नगदी को भी पार किया है। घटना की जानकारी पीड़ित व्यापारी को सुबह हुई। जिसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर के मलक पाड़ा निवासी अनुराग पुत्र महेंद्र तमोली की मलक पाड़ा रोड पर सत्यनारायण धर्मशाला के सामने मुख्य रोड़ पर उमेश पान एवं किराना स्टोर के नाम से दुकान है। जिसमे चोरी की यह वारदात की गई है। चोरों ने गुरुवार की रात को 12 से 4 बजे के बीच में उक्त वारदात को अंजाम दिया है। दुकान के एक शटर को साइड से उखाड़ कर अंदर प्रवेश किया और सिगरेट,गुटके एवं अन्य कीमती सामान के साथ दुकान में रखी 25 से 30 हजार रुपए की नगदी को पार किया है।

### दुकान से यह सामान हुआ चोरी

पीड़ित दुकानदार अनुराग तमोली ने बताया कि अभी उन्हें चोरी को लेकर पूरी ठोस जानकारी नहीं है लेकिन जो प्रथम दृष्टया दुकान से सामान गायब मिला है। उसमें 15 से 20 हजार की नगदी के साथ टोटल सिगरेट के 6 डंडे,एडवांस सिगरेट के 07 डंडे,सुपरस्टार सिगरेट का 01 डंडा,फोर स्क्वायर सिगरेट के 12 डंडे और तानसेन गुटखा के 25 से 30 पैकेट एवं अन्य गुटको के पैकेट गायब है।

# सीवर और पेयजल लाइन में लापरवाही और खुदी पड़ी ग्रामीण सड़को को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

कार्यवाही की मांग, कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कांग्रेस पदाधिकारी ने ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के नेतृत्व में बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार को बाड़ी शहर और ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा है। जिसमें कार्रवाई की मांग की है साथ में कांग्रेसियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों को लेकर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने बताया कि बाड़ी शहर में वर्तमान में सीवर लाइन और पेयजल पाइप लाइन का काम चल रहा है। दोनों कामों में संबंधित ठेकेदारों द्वारा नियमों की कोई पालन नहीं की जा रही। हालत यह है कि शहर की सड़क जगह-जगह से खुदी पड़ी हैं। नागरिकों को रास्ता निकालने में भी परेशानी हो रही है। जिसको लेकर कई बार नागरिक प्रशासन को शिकायत कर चुके हैं लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रह। वहीं दूसरी ओर जिन अधिकारियों को दोनों योजनाओं में मॉनिटरिंग के लिए लगाया गया है वह कभी भी मौके पर दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे में दोनों ठेकेदार मनमानी कर रहे है। यदि यही हालात रहे तो कांग्रेस को आम जनता के साथ विरोध प्रदर्शन आंदोलन करने पर विवश होना होगा। वही दूसरे मांग में कांग्रेसियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि अठपेरिया गांव से बाड़ी तक लिंक रोड का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। 8 महीने से उक्त मार्ग पर काम नहीं हो रहा। जो काम हुआ है उसमें भी घटिया सामग्री का उपयोग किया है। ऐसे में उक्त कार्य की जांच करने के साथ अधूरे पड़े लिंक रोड को पूरा किया जाए । तीसरी मांग में कांग्रेसियों ने बाड़ी शहर से कांसोटी खेड़ा गांव को जाने वाले रास्ते को फिर से बनाने की मांग की है।उक्त मार्ग पर बरसात के दिनों में जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पूरा मार्ग जर्जर अवस्था में है। ऐसे में इसका नवीन निर्माण कराया जाए। जिससे कांसोटी खेड़ा और आसपास के कई गांव के लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं हो। ज्ञापन के दौरान युवक कांग्रेस अध्यक्ष अजय मीणा, अभिषेक यादव, अकरम पठान, धुर्व शुक्ला,अनिल अरेला, जेपी पठान, महादेवा मीणा, हरि सिंह पहाड़िया,मंगल कुशवाह आदि मौजूद रहे।

# माइनर के अंतिम छोर पर खेतों में भरा पानीः किसानों की फसल को हुआ नुकसान, सिंचाई विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के सैपऊ उपखंड क्षेत्र में नहर के पानी को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की अनदेखी किसानों पर भारी पड़ रही है। बसई नवाब के जागीरपुरा कलां गांव में घर के अंतिम छोर पर गुरुवार को कई किसानों की करीब 30 से 40 बीघा फसल नहर के पानी से जलमग्न हो गई। जिससे किसानों में आक्रोश है। फसल के जलमग्न होने पर किसानों ने बताया कि उनके क्षेत्र में माइनर का अंतिम छोर है। जहां विभाग के अधिकारियों की ओर से पानी के भराव का कोई भी इंतजाम नहीं किया गया है। जिसके चलते नहर का पानी खेतों में खड़ी फसल में पहुंच गया है। नहर का पानी खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों और आलू की फसल में पहुंचने से किसानों को नुकसान हुआ है। फसल में हुए नुकसान पर किसानों ने आक्रोश जताते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसानों ने बताया कि कई दिन से माइनर में लगातार पानी की आवक होने को लेकर विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई थी, लेकिन जेईएन सहित कर्मचारियों के द्वारा यहां पूरी तरह अनदेखी की गई है। शिकायत के बाद भी जेईएन और कर्मचारियों ने यहां माइनर को बंद नहीं किया है। जिसको लेकर नहर केपानी से खेतों में खड़ी फसल डूबने से किसानों का यहां काफी नुकसान हुआ है।

दूसरी ओर बसई नवाब और नंदपुरा माइनर सूखी पड़ी होने से कई गांव के किसानों को फसल सिंचाई के लिए पानी का इंतजार है। सिंचाई विभाग इस लापरवाह को लेकर लोगों में आक्रोश है।

# राजाखेड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने रैन बसेरे का किया निरीक्षणः व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए; लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा ने हाट का मैदान स्थित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। जहां अव्यवस्था मिलने पर जल्द सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा ने हाट का मैदान स्थित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर सफाई कर्मचारी मनोज और अन्य 2 सफाई कर्मचारी मिले। रैन बसेरे में वर्तमान में 20 लोगों के रहने की क्षमता बताई गई एवं 16 बैड और 24 रजाई उपलब्ध पाए गए। पीने के पानी के लिए कैंपर्स, सुरक्षा प्रहरी, प्राथमिक स्वास्थ्य किट, अग्निशमन यंत्र, लोगों के लिए न्यूनतम दरों पर भोजन की व्यवस्था, बाथरुम में गीजर की व्यवस्था नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। इस दौरान निजी सहायक विशाल कुमावत और ताल्लुका सचिव अंकित मंगल उपस्थित रहे। इसके अलावा राजाखेड़ा में 22 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ताल्लुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा ने की। ताल्लुका विधिक सेवा समिति के सचिव अंकित मंगल ने बताया कि बैठक में उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में सहयोग करने के लिए आदेशित किया गया है। बैठक में उपस्थित उपखण्ड अधिकारी वर्षा मीणा को राजस्व प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण करवाने के लिए निर्देशित किया गया। जिससे आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी वर्षा मीणा, तहसीलदार टिकेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## महिला सम्मेलन का आयोजन आज, लखपति दीदी का होगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** महिला सम्मेलन का आयोजन शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक नगर परिषद टाउन हॉल में किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि महिला सम्मेलन के अवसर पर लखपति दीदी का सम्मान, स्वयं सहायता समूहों को राशि का हस्तांतरण, राज सखी पोर्टल का शुभारंभ, नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत अनुदान आंगनबाड़ी केंद्रों पर दूध के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार की शुरुआत, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत राशि का हस्तांतरण, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रथम किश्त का हस्तांतरण आदि कार्य किये जायेंगे। महिला सम्मेलन कार्यक्रम के लिये उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# प्रभारी मंत्री ने किया जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन, जिला विकास पुस्तिका का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शुक्रवार को राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना केंद्र में जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने इस दौरान जिले में किये गये नवाचारों एवं विभिन्न विभागों द्वारा विगत वर्ष में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, कालीबाई भील स्कूटी योजना, पालनहार योजना, नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम, पालनहार योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा, नए चिकित्सा संस्थान, नवाचार, वन विभाग, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना, उज्ज्वला योजना, मनरेगा सहित जन सुनवाई एवं रात्रि चौपाल विभिन्न विभागों की उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी को देखा।

**प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रही डॉक्यूमेंट्री फिल्में:** उन्होंने जिला विकास प्रदर्शनी में नवाचार करते हुए विभिन्न विभागों की डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को सराहा है। जिला प्रभारी मंत्री ने नगरपरिषद टाउन हाल में जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने पंच गौरव कार्यक्रम के विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर प्रेस को भी संबोधित किया।



# महिला फाइनेंस कर्मचारी से लूट का आरोपी गिरफ्तारः रास्ता रोककर लूटे रुपए और टैबलेट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की कंचनपुर थाना पुलिस ने महिला फाइनेंस कर्मचारी से हुई लूट की वारदात के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। कंचनपुर थाना पुलिस लूट के मामले में 2 लुटेरों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बाइक सवार लुटेरों ने महिला फाइनेंस कर्मचारी से 1 लाख 9 हजार 700 रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि महिला फाइनेंस कर्मी ने थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया था कि वह तीन जगह से कलेक्शन करके स्कूटी से वापस लौट रही थी। जिसके पास कलेक्शन के 1 लाख 9 हजार 700 रुपए और टैबलेट था।

महिला फाइनेंस कर्मी ने बताया कि रास्ते में बीलोनी और पथैना के बीच बाइक सवार लुटेरों ने उसका रास्ता रोककर कलेक्शन के पैसे और टैबलेट लूट लिए। जिस मामले में पुलिस पूर्व में दो लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## महावीर इंटरनेशनल 35वें स्थापना दिवस पर करेगी समारोह

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, ( का.स. )।** महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ विगत 35 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में प्रमुख रूप से कार्य कर रही एक गैर लाभकारी, गैर सरकारी सेवा संस्था है। यह संस्था अपने 35वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह आयोजित करने जा रही है। महावीर इंटरनेशनल की सर्वोच्च संस्था एपेक्स भी इसी साल अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है जिसे लेकर चित्तौड़गढ़ केंद्र में उत्साह है। समाराहे 15 दिसंबर को महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय में प्रात: 10 बजे आयोजित होगा जिसमें संस्था के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन मुख्य अतिथि एवं नितिन जैन यूनिट हेड वंडर सीमेंट निंबाहेड़ा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर सम्मिलित होंगे। संस्था के सदस्य, संस्था की महिला देशना वीरा केंद्र एवम युवा केंद्र के सभी सदस्य सहभागिता करेंगे। इसके अलावा चित्तौड़गढ़ जॉन के सभी केंद्रों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस समारोह में संस्था की प्रभावशाली यात्रा, इसके मील के पत्थर और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में किए गए महत्वपूर्ण योगदानों को भी प्रस्तुत किया जाएगा। उद्बोधन के अलावा इस समारोह मे समर्पण को सम्मानित करने के उद्देश्य से संस्थापक सदस्यों, ट्रस्टीज, फैलो मेंबर्स, पूर्व चेयरमैन, सचिव एवं विभिन्न सेवा प्रकल्पों में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले सदस्यों और संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव के अन्तर्गत विज्ञान मेले का आयोजन 15 दिसम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान युवा बोर्ड, शिक्षा विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 15 दिंसबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र मार्ग में किया जाएगा। उत्सव के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में ब्लॉक स्तरीय विजेता प्रतिभागी भाग लेंगे। इस दौरान थीमैटिक प्रतियोगिता के अंतर्गत विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए साइंस मेले का आयोजन भी जिला स्तर पर किया जाएगा। जिसमें एस.एस.ओ. आईडी द्वारा राजस्थान युवा बोर्ड के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने वाले 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग लेंगे। जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि 15 दिसम्बर को आयोजित होने वाले विज्ञान मेले के अंतर्गत एकल एवं सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। एकल प्रतियोगिता में प्रथम विजेता प्रतिभागी को 3 हजार रुपए, द्वितीय विजेता को 2 हजार रुपए एवं तृतीय विजेता को 1 हजार 500 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सामूहिक प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 7 हजार रुपए, द्वितीय विजेता टीम को 5 हजार रुपए एवं तृतीय विजेता टीम को 3 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 दिसम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति, की नियमित मासिक बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 दिसम्बर, गुरूवार को प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट के वी0सी0 कक्ष (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) में जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से आयोजित होगी। यह जानकारी जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति के सचिव ने दी।

राजस्थान सरकार का एक वर्ष

# किसान सम्मेलन का आयोजन, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन

## सरकार प्रदेश के विकास और प्रगति के लिए सुनियोजित और योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है - उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडगढ़, ( का.स. )।** राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक तौर पर स्वीकृति पत्र, चेक आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछला एक वर्ष न केवल सरकार के लिए बल्कि प्रदेश के हर व्यक्ति के लिए एक नई आशा और विश्वास का समय रहा है। यह उपलब्धियां केवल सरकार की नहीं बल्कि आम जन के समर्थन और विश्वास का प्रतिफल है। सरकार ने किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, व्यापारी हर वर्ग के कल्याण को अपनी प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में राजस्थान दिन दुगनी, रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री लगातार कार्य कर रहे हैं। राजस्थान सरकार प्रदेश के विकास और प्रगति के लिए सुनियोजित और योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वहीं, चित्तौड़गढ़ जिले में 10 हज़ार करोड़ से अधिक के एमओयू हुए हैं, जिससे 18 हज़ार से अधिक युवाओं को रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा। आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम में जिले के निम्बाहेड़ा ब्लॉक ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय और राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में चित्तौड़गढ़ नगर परिषद ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में हरियाळो राजस्थान, हरि चित्तौड़ अभियान के तहत 3 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। जिले में 1273 विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु परिवारों को आवासीय पट्टे उपलब्ध करवाए गए हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के 709 गांवों की पेयजल परियोजना के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी करने के साथ ही चंबल पेयजल परियोजना के तहत 85 हजार से अधिक घरेलू जल कनेक्शन जारी करने का कार्य प्रगतिरत है। कार्यक्रम में निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि एक साल की उपलब्धियां सरकार के साथ साथ आमजन की भी है जिन्होंने इस सरकार का चयन किया है। राजस्थान सरकार ने जो काम पांच साल में होते थे उन्हें एक साल में कर दिखाया है।

कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान नेमीचंद धाकड़ व मोहनलाल खटीक ने भी अपने अनुभव साझा किए। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस मौके पर जिला प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटरू, एडीएम (प्रभा गौतम) प्रभा गौतम, एडीएम (भू अवाप्ति) रामचंद्र खटीक, एडिशनल एसपी सरिता सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, एसीईओ राकेश पुरोहित, एसीईओ विशाल सीपा, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, प्रधान देवेंद्र कंवर, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकरलाल जाट, उपभोक्ता भंडार चेयरमैन सुरेश झंवर सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने जो कमियां छोड़ी उन्हे हम पूरा करेंगे - डॉ. बैरवा

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडगढ़, ( का.स. )।** कांग्रेस सरकार जो कमियां राजस्थान में छोड़कर गई है उसे पूरी करने के लिए राज्य की भजनलाल सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन एवं सोच को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान के उत्थान के लिए जो कार्य हुए है उनका लेखा जोखा तथा आगामी चार वर्षो का विजन 17 दिसम्बर को प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान के सामने पेश करेंगे। यह बात राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राजस्थान की भजनलाल सरकार के एक वर्श पूर्ण होने पर आयोजित समारोह के बाद पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकार अन्नदाता को सभी सुविधायें देने को प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि राईजिंग राजस्थान में विकास को नवाचार का केन्द्र बनाया है और अब राजस्थान प्रगति के पथ पर दौड़ रहा है। अपार संभावनाओं को देखते हुए निवेशकों ने भारी रूचि राजस्थान में दिखाई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी निवेश को सरलीकरण बनाने के लिए एक अलग ही विभाग बनाया है। उन्होने बताया कि निर्यात प्रोत्साहन नीति के तहत एक जिला एक उत्पादन नीति के तहत एक लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने का प्रयास किया जायेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान क्षेत्रीय विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष मीठ्ठूलाल जाट, भूमि विकास बैंक के चैयरमेन बद्री जाट भी मौजूद रहे।

### पत्रकारों के सवालों से बचे डॉ. बैरवा

राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित समारोह के बाद पत्रकार वार्ता में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सरकार की उपलब्धियों को तो गिनाया लेकिन जिले के प्रभारी मंत्री होने के नाते जिले से सम्बन्धित सवालों को टाल गये। प्रभारी मंत्री डॉ. बैरवा ने जिले को आदर्श जिला बनाने की बात तो कही लेकिन उसका विजन पत्रकारों के समक्ष नही रख पाये। राज्य सरकार द्वारा अन्नदाताओं को सभी सुविधायें देने की बात तो कही लेकिन घोसुण्डा डेम को लेकर पत्रकारों द्वारा किये गये सवाल को दरकिनार करते हुए पत्रकार वार्ता को ही समाप्त कर दिया। सवालों को लेकर सुबह से ही पत्रकार इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में मौजूद थे ।

## बार एसोसिएशन कपासन द्वारा विभिन्न पदों हेतु सत्र 2024-25 के चुनाव संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** बार एसोसिएसन कपासन द्वारा सत्र 2024-25 के विभिन्न पदों हेतु मंगलवार को न्यायालय परिसर में चुनाव सम्पन्न हुवे।

जिसमे बार एसोसिएसन के अध्यक्ष पद पर राधेश्याम वैष्णव एवं मनोज कुमार जाट के मध्य मुकाबला रहा। जिसमे निवर्तमान अध्यक्ष अधिवक्ता राधेश्याम वैष्णव को 27 वोट से बार एसोसिएसन के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर प्रकाशचंद्र राव एवं पुरुषोत्तम योगी के मध्य हुवे मुकाबले में प्रकाशचंद्र राव को 1 वोट से निर्वाचित घोषित किया गया। साथ ही बार एसोसिएसन कपासन के सचिव पद पर अधिवक्ता ठाकुप्रसाद व्यास 24 वोट तथा कोषाध्यक्ष पद पर सम्पत सुथार को 37 वोट से निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान उपस्थित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों द्वारा बार एसोसिएसन कपासन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

# इबादतगाहो को निशाना बनाए जाने को लेकर मुस्लिम समाज ने उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

## सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समाज ने सीएडी तिराहे पर किया विरोध प्रदर्शन, संभल में शहीद हुए लोगों को मुआवजा देने की मांग

बढ़ता राजस्थान




**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता कस्बे में राजस्थान के अजमेर और उत्तर प्रदेश के संभल मामले को लेकर ईदगाह कमेटी जुमला मुसलमान के बैनर तले मुस्लिम पदाधिकारियों ने शुक्रवार को दोपहर 2 बजे सीएडी तिराहे पर इकट्ठे होकर सभा की गई । सभा को मुस्लिम पदाधिकारी, जामा मस्जिद के पेश इमाम, हाजी शब्बीर पठान, हाजी अब्दुल सलाम, अखलाक खान, कार्यवाहक ईदगाह सदर रईस खान, फिरोज अंसारी, जाहिद खान एनटीपीसी, अब्दुल हफीज मंसूरी, सहित सेकड़ो की संख्या में इकट्ठा होकर महामहिम राष्ट्रपति, राजयपाल व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम उपखंड अधिकारी अंजना सहरावत को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में केंद्र राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कर बताना चाहते हैं कि संपूर्ण मुसलमानो तथा उनके धार्मिक स्थलों को सांप्रदायिक सोच के लोगों द्वारा निशाना बनाया जा रहा हैं। अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के संभल में मुगलकालीन जामा मस्जिद को कथित मंदिर के स्थान पर बनाया जाना बताकर अदालत के आड़ में प्रशासन की देखरेख में पूर्व रचित षड्यंत्र के द्वारा सर्वे की आड़ लेकर पांच मुस्लिम नौजवानों की हत्या कर दी गई है। संपूर्ण विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की अजमेर दरगाह पर भी अदालत की आड़ लेकर कूट रचित षड्यंत्र प्रारंभ कर दिया गया है जबकि ख्वाजा गरीब नवाज से सभी धर्मो की आस्था जुडी हुई है। वहां पर सभी धर्म व जातियों के लोग जियारत करने आते हैं।उच्च पदों पर बैठे भगवा वादी संगठनों के पदाधिकारी द्वारा आए दिन मुसलमान को भद्दी गालियां दी जाती है यहां तक की खुलेआम मुसलमानो के नरसंहार की धमकियां दी जाती है ऐसे लोगों पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद है। फिरोज अंसारी ने आरोप लगाया कि धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचाने का घिनौना काम किया जा रहा है और देश के आपसी सद्भाव को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। मस्जिदों को मंदिर बता कर अदालत में झूठे केस दायर किया जा रहे हैं। सर्वे के नाम पर मस्जिदों के स्टेटस को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा। हाजी शब्बीर पठान ने अजमेर दरगाह और संभल मामले को लेकर याचिका स्वीकार करने के आधार पर अजमेर दरगाह के ताजा विवाद पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश की दरगाह, मस्जिद और कब्रिस्तान पर इस तरह सवाल खड़े कर भाईचारा बिगाड़ा जा रहा है। उन्होंने इस पूरे मामले को देश के सौहार्द को बिगाड़े जाने की साजिश से जोड़कर बताया।

## राजस्थान युवा महोत्सव 2024 में कपासन के 556 प्रतिभागियों ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान युवा बोर्ड के निर्देशानुसार राजकीय मॉडल स्कूल में सोमवार को राजस्थान युवा महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा ने बताया कि राजस्थान युवा बोर्ड के निर्देशानुसार राज्य के दुर्लभ एवं लुप्त कला में संस्कृति को संवर्धन, संरक्षण व प्रोत्साहित करने हेतु राजस्थान युवा महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। जिसमे डिजिटल स्कील, समुह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, समूह-एकल गायन, कविता प्रतियोगिता, कहानी लेखन, भाषण चित्रांगन प्रतियोगिता, युवा कीर्ति के हस्तकला, वस्त्र कला, कृषि उत्पाद एवं गैर प्रतियोगिता वाले 556 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका द्वारा नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को अपनी प्रतिभा एवं योग्यता अनुरूप कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही समारोह को भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शंभूलाल जाट, छोगालाल गाडरी,शिक्षाविद् डॉ. रामसिंह चुण्डावत, शंभूलाल भट्ट आदि ने संबोधित किया।

इस कार्यक्रम का संचालन अश्विनी कुमार व्यास, सुरेश चंद्र शर्मा,अजय कुमार ने तथा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय दामाखेड़ा के प्रधानाचार्य भैरूलाल वीरवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## उत्कृष्ट समाज सेवा से कोटा में सम्मानित हुए झालावाड़ व पाटन के ज्योति मित्र

## उत्कृष्ट समाज सेवा से कोटा में सम्मानित हुए झालावाड़ व पाटन के ज्योति मित्र

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** नेत्रदान,अंगदान और देहदान के लिए कार्य कर रही संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा जवाहर नगर,कोटा के निजी सभागार में संभाग स्तरीय उत्कृष्ट समाज सेवा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि ताराचंद गोयल (संस्थापक -गोयल ग्रुप) अध्यक्षता आलोक कुमार ,विशिष्ट अतिथि कपिल गर्ग थे । संस्थापक सचिव डॉ संगीता गौड़ ने बताया कि,कार्यक्रम में हाड़ौती संभाग में झालावाड़ से बादल अग्रवाल व नितिन कटारिया तथा झालरापाटन से अजय गोयल (मोमिया) सहित संभाग के अन्य 70 ज्योति मित्रो सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र व शाइन ट्राफी देकर सम्मानित किया गया,जिनके सहयोग,समर्पण से ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्रदान के कार्य को बढ़ावा मिला है । इसके साथ ही शहर के भी ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया,जिन्होंने संस्था के नेत्रदान अभियान को राष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में मदद की है । कार्यक्रम में कॉर्निया ट्रांसप्लांट से हुए लाभान्वित व्यक्ति सुदर्शन अरोरा भी मौजूद थे,जिन्होंने बताया कि,यदि नेत्रदान के माध्यम से उनको कॉर्निया प्राप्त नहीं होता, तो शायद वह दोबारा यह सुंदर दुनिया नहीं देख पाते ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री ताराचंद गोयल ने कहा कि, नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य को करने से न सिर्फ नेत्रदाता को मोक्ष प्राप्ति होती है,बल्कि परिवार के सदस्यों को भी इसका पुण्य लगता है कि, उन्होंने अंतिम समय में अपने दिवंगत परिजन का नेत्रदान करवा कर किन्हीं दो दृष्टि बाधित लोगों को रोशनी प्रदान करने में सहयोगी किया है । सम्मान समारोह के उपरांत कोटा के वरिष्ठ कलाकार गीतांजलि ग्रुप के सहयोग से संगीत संध्या का आयोजन किया गया,जिसमें भोपाल से आई मशहूर गायिका श्रीजा उपाध्याय ने भी अपने गीतों के माध्यम से सुंदर व मनमोहक प्रस्तुति दी ।

संगीत संध्या के मध्य में मंदाकिनी दाधीच सिमरन कंवर और नेहा गौतम की भी नृत्य की प्रस्तुति हुई। संगीत संध्या में गीतांजलि ग्रुप से प्रेम नारायण, राजीव मल्होत्रा, मार्कण्डेय दाधीच,गरिमा गुप्ता और डॉ कुलवंत गौड़ ने भी अपनी प्रस्तुति दी । मंच का संचालन उद्घोषिका नीता डांगी और डॉ कमल गौतम ने किया ।

## व्यावसायिक शिक्षा की नई दिशा,196 छात्राओं को मिली कौशल विकास सामग्री

### राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुलमण्डी में कौशल विकास सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमण्डी में व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत कौशल विकास सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भगवान सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह सांखला एवं प्रधानाचार्य उषा शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि भगवान सिंह चौहान ने विद्यालय की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की 196 छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत कौशल विकास सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जीवन मूल्यों एवं आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह सांखला ने छात्राओं को समर्पण भाव से शिक्षा अध्ययन करके जीवन में आगे बढने हेतु प्रेरित किया। समसा कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा ने व्यावसायिक शिक्षा का महत्व एवं इसके अन्तर्गत छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया। छात्राओं के व्यावसायिक शिक्षा में भविष्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उप प्राचार्य शशि जैन, व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी सविता अग्रवाल, व्यावसायिक प्रशिक्षक संगीता दीक्षित व माया, पंकज तथा राज बहादुर भंसाली, श्रीमती यामिनी गेहलोत सहित विद्यालय के सभी सदस्यों एवं छात्राओं ने इस कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह से भाग लिया।

## शेखावाटी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही नई शिक्षा नीति का उद्देश्य : डॉ. कोठारी

### गीता की तरह प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़नी चाहिए नई शिक्षा नीति : प्रो. अनिल राय

बढ़ता राजस्थान




**सीकर ( नि.स. )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विवि कैम्पस में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ' क्रियान्वयन एवं चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मां सरस्वती और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। शेखावाटी विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार राय ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल भाई कोठारी थे। अध्यक्षता शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार राय ने की। विशिष्ट अतिथि राजस्थान कॉलेज शिक्षा के आयुक्त डॉ. ओम प्रकाश बैरवा और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के पूर्व कुलपति आचार्य (डॉ.) नरेश चंद्र गौतम थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 नई पीढ़ी को संस्कारित शिक्षा देने का प्रयास है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास, कौशल व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नई शिक्षा नीति का मुख्य उदे्श्य है। उन्होंने कहा कि हर शिक्षक और विद्यार्थी को नई शिक्षा नीति का अध्ययन करना चाहिए। नई शिक्षा नीति जब तक गांव—गांव में नहीं पहुंचेगी तब तक इसकी क्रियान्विति पूरी तरह से संभव नहीं है। शिक्षा नीति पर दो दिन तक गहन चिंतन मनन हो तभी कार्यशाला सार्थक होगी।

**'एक थाली, एक थैला' अभियान का शुभारंभ :** इस अवसर पर शेखावाटी विवि की ओर से एक थाली, एक थैला अभियान का शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. राय ने मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कोठारी को एक थाली और थैला भेंट कर मुहिम की शुरुआत की। प्रयाग राज में होने वाले महाकुंभ में पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उदे्श्य से विवि ने यह अभियान प्रारंभ किया है।

**एनईपी टास्क फोर्स की बैठक में मंथन :** उद्घाटन सत्र से पहले शेखावाटी विवि एनईपी टास्क फोर्स के सदस्यों की बैठक में दो घंटे तक नई शिक्षा नीति और इसके विभिन्न पक्षों पर गहन मंथन हुआ। डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि विवि टास्क फोर्स का विस्तार कर कमेटियां बनाकर नई शिक्षा नीति पर काम करना होगा। सभी कॉलेजों में सेमिनार और कार्यशालाएं करवानी होगी।

कुलपति प्रो. राय ने बताया कि विश्वविद्यालय कैम्पस और संगठक कॉलेजों में पीजी और यूजी में नई शिक्षा नीति को लागू कर दिया गया। विभिन्न सदस्यों ने नई शिक्षा नीति की क्रियान्विति पर अपने विचार रखे।



# बार एसोशियसन के महेश शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित

### उपाध्यक्ष किशनलाल सैनी व सरोज अग्रवाल बनी कोषाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बार एसोशियसन के वार्षिक चुनाव को लेकर शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट नरेन्द्रकुमार जाट, एडवोकेट बनवारीलाल यादव व कौशलकिशोर चौधरी के सानिध्य में चुनाव संपन्न हुए। जिसमें बार एसोशियसन के अध्यक्ष पद पर महेश शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी एडवोकेट सीताराम शर्मा को 6 मतों से हराकर जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट बनवारी लाल यादव ने बताया कि चुनाव को लेकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद पर कुल 6 प्रत्याशियों के लिए सुबह 11 से 4 बजे तक मतदान हुआ। जिसमें 96 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। मतगणना के तत्काल बाद परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर एडवोकेट महेश शर्मा को 50 व सीताराम शर्मा को 44 मत मिले व 2 मत निरस्त हुए। जिस पर महेश शर्मा 6 मतों से विजय घोषित किए गए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर किशनलाल सैनी को 55 व रामदयाल शर्मा को 39 मत मिले व 2 मत निरस्त हुए। जिस पर किशनलाल सैनी 16 मतों से विजयी रहे। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सरोज अग्रवाल को 62 व सौराज चोधरी को 30 मत मिले व 4 मत निरस्त हुए। जिस पर सरोज अग्रवाल 32 मतों से विजयी रही। इस अवसर पर बार के हरिराम गुर्जर, गिरधरसिंह, रामअवतार शर्मा, सतीश शर्मा, सीताराम शर्मा, नरेन्द्र चौधरी, दयाराम गुर्जर, रमेशकुमार शर्मा, रणजीत सिंह, रामजीलाल मीणा, विनोद जाट, रमेश डोई, श्यामसुन्दर शर्मा, नारायण सिंह, शंकरलाल जाट, रमेशचन्द शर्मा, जगदीश मुंशी, महेन्द्र कसाणा व अनुराग शर्मा सहित कई अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित कार्यकारणी को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया।

# रेलवे के श्रमिक संगठनों के चुनावों में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ को विजय व मान्यता मिलने पर रेल कर्मचारियों में जश्न का माहौल

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/ बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** रेलवे के जबलपुर जोन में रेलवे यूनियनों के 11 साल बाद हुए चुनावों में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने बाजी मारी है। कोटा सहित तीनों मंडलों में मजदूर संघ ने जीत का परचम फहराया है। मान्यता का बहुमत मिलने से रेलवे मजदूर संघ से जुड़े रेल कर्मचारियों में जश्न का माहौल है। बयाना में शुक्रवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ से जुड़े तमाम रेलवेकर्मियों एवं अधिकारियों ने ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाते हुए चुनावों में सहयोग करने वाले सभी रेलवे श्रमिकों , कर्मचारियों व संघ से जुड़े सदस्यों एवं पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर, संघ का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं मिठाइयां भी बांटी गईं।

इस मौके पर संघ के रेलवे कैंपस स्थित कार्यालय में भी संघ के सदस्यों व रेलकर्मियों की बैठक भी हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के शाखा अध्यक्ष एसके मीणा ने की और संचालन मंडल उपाध्यक्ष हंसराम गुर्जर ने किया। पदाधिकारियों ने रेलकर्मियों की समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार से वार्ता करने की बात कही। इस मौके पर सहायक शाखा सचिव कशिश कुमार, दिनेश चौधरी, उपाध्यक्ष स्टेशन प्रबंधक आर के मीणा,कोषाध्यक्ष राधा कृष्ण राय सहित अन्य पदाधिकारी आदि भी मौजूद रहे। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के स्थानीय शाखा के सहायक सचिव कशिश कुमार ने बताया कि रेलवे के जबलपुर जोन में रेलवे के तीन रेल मंडल कोटा, भोपाल व जबलपुर आते हैं और जबलपुर जोन में 13 वर्ष बाद रेलवे के विभिन्न श्रमिक संगठनों की मान्यता के लिए चुनाव हुए हैं । इन चुनावों में कुल 51260 मतदाताओं में से 45177 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जिसमें से करीब 18000 वोट वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के पक्ष में मिले हैं। जिनके आधार पर इस बार वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ को ही रेलवे श्रमिक संगठन के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। जिससे अब वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ से जुड़े रेलवे श्रमिकों व रेलवे कर्मियों में जश्न का माहौल है।

# बयाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने उमेश शर्मा : 9 वोटो से जीते, बहुकोणीय मुकाबले में 120 में से 36 वोट मिले

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/ बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बार एसोसिएशन के शुक्रवार को हुए चुनावों में एडवोकेट उमेश शर्मा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। बहुकोणीय मुकाबले में उमेश शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नीरज उपाध्याय पर 9 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होने के बाद साथी वकीलों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश शर्मा का साफा-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। यहां उल्लेखनीय है कि उमेश शर्मा 2021-22 में भी अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं।

गौरतलब है कि उपाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार, सचिव पद पर भूदेव प्रसाद शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर संजय सिंह सिनसिनवार का पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। जबकि पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर कोई भी नामांकन नहीं आने से यह पद रिक्त रहा है। चुनाव संचालन समिति से जुड़े निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट अरुण मुदगल, जयप्रकाश गुर्जर और मनोज सोलंकी ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चले मतदान में कुल नामांकित 127 मतदाताओं में से 120 ने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उमेश शर्मा को 36 वोट, नीरज उपाध्याय को 27 वोट, मनोज कुम्भज को 26 वोट, चौबसिंह सूपा व हेमराज सूपा को 14-14 वोट और सुंदर शर्मा को दो वोट मिले। एक मत नोटा में रहा।

# अमृत भारत योजना : बढ़ेगी सुविधा, रेलवे स्टेशन पर होगा पार्किंग स्टैण्ड का कायाकल्प, पूर्व में डीआरएम ने भी दिए थे निर्देश

राकेश शर्मा



**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान ) ।** सब कुछ ठीक रहा तो रेलवे स्टेशन का जल्द ही कायाकल्प होने वाला है। दरअसल अमृत भारत योजना के तहत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर कई तरह के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ऐसे में अब जल्द ही रेलवे स्टेशन की सूरत बदल जाएगी। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की ओर से देश के कुछ चुनिंदा रेलवे स्टेशनों को ही पहले चरण में अमृत भारत योजना के तहत चिह्नित किया गया है। गौरतलब है कि सवाईमाधोपूर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन के विकास के लिए करीब 45 करोड़ का बजट आया था और पार्किंग स्टैण्ड के विकास के लिए करीब 25 लाख की लागत से कार्य कराया जा रहा है।

**धूप में खड़े नहीं रहेंगे दोपहिया वाहन :** रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अमृत भारत योजना के तहत प्लेटफार्म एक के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित पार्किंग स्टैण्ड का भी कायाकल्प किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत पार्किंग स्टैण्ड पर अब छाया के प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके लिए फिलहाल लोहे के एंगल लगा दिए गए हैं और जल्द ही रेलवे की ओर से टीनशैड या फिर कोलू लगाकर छाया के प्रबंध कर दिए जाएंगे।

**तिरपाल के नीचे बैठने की भी नहीं रहेगी दरकार :** अब तक रेलवे की ओर से पार्किंग में ठेकेदार के कार्मिकों को बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती थी। ऐसे में ठेकेदार और कार्मिक अपने स्तर पर ही अस्थाई रूप से टेंट या तिरपाल लगाकर धूप से बचकर ड्यूटी करते थे, लेकिन अब रेलवे की ओर से कार्मिकों के छाया की स्थाई व्यवस्था की जा रही है।

### अनूठी पहल

# समाज मेरे लिए सर्वोपरि : गोपीचंद शर्मा



### 75 में जन्म दिवस पर ब्राह्मण छात्रावास जीर्णोद्धार के लिए दान दिए 51000 रुपए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं रिटायर्ड एक्सईएन गोपीचंद शर्मा ने अपने 75 में जन्म दिवस के उपलक्ष में आज अलवर जिला ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विशंभर दयाल वशिष्ठ एवं उपस्थित सदस्यों को विद्यार्थी हित को ध्यान में रखते हुए परशुराम सर्किल स्थित ब्राह्मण छात्रावास के जीर्णोद्धार के लिए 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की। इस अवसर पर संस्था जिला ब्राह्मण सभा द्वारा गोपीचंद शर्मा का सम्मान किया गया। जिसमें शिक्षाविद विनोद शर्मा, राष्ट्रीय कवि योगेश वशिष्ठ, महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, मोहित पंडित, मदनलाल शर्मा, बृजभूषण शर्मा, जगराम पहलवान आदि उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष विशंभर दयाल वशिष्ठ ने बताया कि पूर्व में भी गोपीचंद शर्मा के द्वारा छात्रावास हित में 51000 रुपये दिए जा चुके हैं। साथ ही एक ए.सी. भी छात्रावास में दिया गया है। अब तक कुल 1 लाख से अधिक की राशि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए गोपीचंद शर्मा ने प्रदान की है।

आज छात्रावास में माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर एवं श्रीवस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।

इस मौके पर समाज से भी गोपीचंद शर्मा ने कहा कि उनके लिए समाज सर्वोपरि है। सामाजिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए दानदाताओं को आगे आना चाहिए।

## अपार आईडी की प्रति महाविद्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 18 दिसंबर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में मुख्य परीक्षा 2025 हेतु छात्राओं को यूजी पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम के लिए 18 दिसंबर तक अपार आईडी जमा करना अनिवार्य है। प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि परीक्षा 2025 हेतु यूजी पार्ट प्रथम सेमेस्टर प्रथम के लिए सभी नियमित छात्राओं को विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु डाटा डाउनलोड करने के लिए अपनी अपार आईडी बनाकर उसकी एक प्रति महाविद्यालय में जमा करवाने की अन्तिम तिथि 18 दिसंबर है। उन्होंने बताया कि मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा आवेदन पत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म सेमेस्टर स्कीम से वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रक्रिया से बिना विलंब शुल्क 12 से 23 दिसंबर तक भरे जा रहे हैं।

## दस हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश भंवर सिंह मीणा को गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश भंवर सिंह मीणा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार इनामी बदमाश अलग-अलग थानों में दर्ज मामलों में वांछित चल रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने दस हजार रुपये के वजीरपुर जिला गंगापुर के इनामी शातिर बदमाश भंवर सिंह मीणा निवासी कुडंगांव जिला करौली को गिरफ्तार किया है।

## 30 दिन पहले किडनैप हुई नाबालिग गुरुग्राम से बरामद

### हरियाणा के मानेसर में किराए का कमरा लेकर रह रहा था आरोपी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/ बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक महीने पहले गायब हुई 16 साल की नाबालिग लड़की को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर से बरामद किया है। नाबालिग आरोपी युवक ममित कुमार धाकड़ (21) के साथ एक किराए के कमरे में मिली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और नाबालिग को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया, जहां से उसे बालिका गृह भेजने के आदेश दिए गए। एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने जानकारी दी 12 नवंबर को थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। शिकायत में दहगांव निवासी ममित कुमार धाकड़ पर अपहरण का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर,स्ढ्ढ जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर हरियाणा के मानेसर भेजा। टीम ने आरोपी और पीड़िता को एक कमरे से बरामद किया। बाल कल्याण समिति के आदेश पर उसे बालिका गृह भेज दिया गया। ममित कुमार को अपहरण और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से नाबालिग को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

## ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की विद्युत सप्लाई चार घंटे बंद रहेगी आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** 132केवी जीएसएस पर वार्षिक रख-रखाव के चलते शनिवार को संपूर्ण नगर पालिका क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत सप्लाई 4 घंटे बंद रहेगी। जीएसएस सहायक अभियंता विनोदकुमार बैरवा ने बताया शनिवार को 132 केवी जीएसएस पर वार्षिक रख-रखाव किया जाएगा। इसके चलते सुबह 7 से 11 बजे तक पूरे नगर पालिका क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

## मोटरसाइकिल पर सवार नकाबपोश ने चार लोगों से छीने मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश लुटेरों ने चार स्थानों से वाक कर रहे लोगों से मोबाइल छीनकर ले गए। पीड़ितों ने अज्ञात मोबाइल चोरों के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। मोबाइल छीनने की जानकारी पीड़ितों से मिलने पर पुलिस ने चोरों को पकडने के लिए नाकाबंदी करवाई लेकिन मोबाइल चोर पकड़ में नहीं आए। शिवाजी कॉलोनी गली नंबर एक निवासी इरफान पुत्र इस्लाम एफसीआई गोदाम की ओर से वाक कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के सामने स्थित बालाजी मंदिर के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इसी प्रकार बृजभूषण पुत्र कैलाश शर्मा निवासी गणगौरी बाजार कंकाली माता मंदिर होते हुए वार्ड नंबर 5 में अपने निवास पर जा रहा था।

इसी दौरान नसिया मंदिर के समीप अचानक बाइक पर सवार दो नकाबपोश उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मोबाइल चोरों ने शहर की श्रीराम कॉलोनी निवासी सुनील कुमार पुत्र संपत कुमार जैन से 80 फीट रोड पर वॉक रहा था इसी दौरान एमसीएम हॉस्पिटल के पास से बाइक सवार दो नकाबपोश उसका मोबाइल छीनकर ले गए। इसी प्रकार खणदेवत रोड़ से भी नकाबपोश एक व्यक्ति से मोबाइल छीनकर ले जाने की जानकारी मिली है।




# मूवी रिव्यू: जीरो से रीस्टार्ट

## यह फिल्म 12वीं फेल की मेकिंग पर बेस्ड, उससे भी एंगेजिंग; सीट से उठने नहीं देंगे विधु विनोद चोपड़ा

27 अक्टूबर 2023 को फिल्म 12वीं फेल रिलीज हुई थी। अब एक साल बाद इसकी मेकिंग से जुड़ी फिल्म रिलीज की गई है। फिल्म का नाम है- जीरो से रीस्टार्ट। फिल्म की टोटल लेंथ 90 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इसे 5 में से 4.5 स्टार रेटिंग दी है।

अमूमन हम रिव्यू में कहानी, डायरेक्शन, एक्टिंग और म्यूजिक की बात करते हैं। यहां कहानी कैसी है, उस पर बात नहीं है। बल्कि कहानी बुनी कैसे गई। एक्टर्स को कास्ट कैसे किया गया। लोकेशन कैसे फाइनल हुए, इन सब बिंदुओं पर बात की गई है।

फिल्म की शुरुआत में बताया गया कि विधु विनोद चोपड़ा दो साल से 12वीं फेल की कहानी पर काम कर थे। उनके ऑफिस में स्क्रिप्ट का बंडल पड़ा हुआ था। वे बस फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट पर काम कर रहे थे। किसी डायरेक्टर की खोज में थे। दो तीन डायरेक्टर आए भी। सभी को फिल्म की कहानी बकवास लगी।

फिर किसी शख्स ने विधु विनोद चोपड़ा से कहा कि 12वीं फेल तो हर व्यक्ति की कहानी है, इसमें आप नया क्या लेकर आएंगे विधु को इसी बात ने एक किक दे दिया। उन्होंने कहा कि यही तो खास बात है कि यह फिल्म हर व्यक्ति की कहानी है, इससे ज्यादातर लोग कनेक्ट कर पाएंगे। फिर इसी तरह विधु खुद फिल्म के डायरेक्टर बन गए।

विधु ने खुद को फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर चुन लिया, लेकिन तलाश आईपीएस मनोज शर्मा के रोल के लिए किसी एक्टर की थी। विधु को वरुण धवन को कास्ट करने की सलाह मिली। उन्होंने माना कि वरुण धवन भले टैलेंटेड एक्टर हैं, लेकिन एक गांव के लड़के के किरदार में फिट नहीं बैठेंगे। फिर उन्होंने विक्रांत मैसी को कास्ट किया। आगे क्या हुआ, बताने की जरूरत नहीं है।

यह 90 मिनट की फिल्म उन लोगों के लिए एक ट्यूटोरियल हो सकती है, जो फिल्म मेकिंग में अपना करियर बनाना चाहते हैं। विधु विनोद चोपड़ा क्राफ्ट और सिचुएशन को कितना बखूबी समझते हैं, यह फिल्म देखने के बाद समझ आ जाएगा।

विधु ने खुद कहा कि वे नहीं जानते कि 12वीं फेल कभी बन भी पाएगी कि नहीं। कई बार उन्हें जीरो से रीस्टार्ट करना पड़ा। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी।

# अक्षय कुमार की आंख में चोट लगी

### हाउसफुल-5 के एक्शन सीक्वेंस शूटिंग में कुछ उछलकर लगा, बड़े मियां छोटे मियां में भी घायल हुए थे



अक्षय कुमार हाउसफुल 5 की शूटिंग करते वक्त गुरुवार को घायल हो गए। एक्शन सीक्वेंस शूट करते वक्त सेट पर कोई सामान उछलकर उनकी आंख में लगा।

हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, आंख पर चोट लगने के तुरंत बाद फिल्म के सेट पर ही आई स्पेशलिस्ट को बुलाया गया। डॉक्टर ने अक्षय की आंख चेक करने के बाद उस पर पट्टी बांध दी। उन्होंने अक्षय को शूट न करने और रेस्ट करने की सलाह दी है। मार्च 2023 में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग के दौरान भी स्कॉटलैंड में एक्शन सीन शूट करते वक्त अक्षय घायल हुए थे। फिल्म की शूटिंग आखिरी स्टेज पर है। अक्षय को चोट लगने के कारण फिल्म की शूटिंग थोड़ी देर के लिए रोक दी गई थी। उसके बाद वापस शूट शुरू कर दिया गया। हालांकि, अक्षय के सीन्स की शूटिंग अभी रोक दी गई है। इन सीन्स को उनकी रिकवरी के बाद ही शूट किया जाएगा।

साल 2025 में रिलीज होगी फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, श्रेयस तलपड़े, चंकी पांडे, जैक्लीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, समेत कई कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म को तरुण मनसुखानी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय के लिए सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी में एक है हाउसफुल पहला और दूसरा पार्ट साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। तीसरा पार्ट सजिद-फरहाद ने मिलकर डायरेक्ट किया था। वहीं चौथा पार्ट का डायरेक्शन केवल फरहाद सामजी ने किया था।

# अशनूर ने फिल्म शूटिंग में फिटनेस चैलेंज का सामना किया

### बोलीं- चोट लगने से वजन बढ़ गया था, जिसे लेकर सचेत थीं



एक्ट्रेस अशनूर कौर की फिल्म किसको था पता जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का डायरेक्शन फिल्ममेकर अनुभव सिन्हा की पत्नी, रत्ना सिन्हा ने किया है।

अशनूर इससे पहले रणबीर कपूर की संजू और तापसी पन्नू की मनमर्जियां में सपोर्टिंग एक्टर के तौर पर काम कर चुकी हैं। हालांकि, यह उनकी पहली फिल्म बतौर लीड होगी। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, एक्ट्रेस ने अपने शूटिंग अनुभव और फिटनेस चैलेंज के बारे में खुलकर बात की।

अशनूर ने बताया कि कैसे चोट की वजह से शूटिंग के दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वह अपनी फिटनेस के प्रति बहुत सतर्क थीं। उन्होंने कहा, मुझे घुटनों में चोट लग गई थी, इसलिए शूटिंग के दौरान मेरी फिटनेस रूटीन रुक गई थी। अगले दिन एक बाइक सीक्वेंस शूट होना था, जो कि स्क्रिप्ट में नहीं था, लेकिन मैंने डायरेक्टर को बताया कि मुझे बाइक चलानी आती है और मैं कर सकती हूं। वह सीन खास तौर पर शामिल किया गया था। फिर अगले दिन ही शूट नहीं हो सका क्योंकि मेरी चोट के कारण मुझे काफी दर्द हो रहा था। मेरी फिटनेस रूटीन भी रुक गई, तो मुझे अपनी डाइट को लेकर और सतर्क होना पड़ा। अगर आप फिल्म देखेंगे तो शायद आपको मेरी फ्लक्टूएटिंग फिजिक नजर आए। कभी ज्यादा वजन दिख रहा था तो कभी नॉर्मल। इसलिए, शूटिंग के दौरान मैं अपने वजन को लेकर काफी जागरूक थी।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें इस किरदार के लिए कोई फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन करना पड़ा, तो अशनूर ने कहा, ज्यादा समय नहीं मिला, मुझे करना था लेकिन नहीं हो पाया। हमने कोशिश की और बेस्ट किया। इन दिनों, अशनूर डेली सोप सुमन इंदोरी में काम कर रही हैं। एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि कैसे उन्होंने इस फिल्म के प्रमोशन को प्राथमिकता देने के लिए डेली सोप से ब्रेक लिया और दोनों कामों को बैलेंस करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मुश्किल तो है क्योंकि जाहिर है, शो में मेरा डुप्लिकेट शूट हो रहा है, बॉडी डबल का इस्तेमाल हो रहा है।



# रूपाली गांगुली पर सौतेली बेटी ने कसा तंज!

## बोलीं- आपका काम आपके चरित्र के बारे में बताता है, पैसा-पावर तो कुछ समय के लिए होता है

**टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली इन दिनों अपनी सौतेली बेटी ईशा वर्मा के साथ विवाद को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच, ईशा ने एक बार फिर रूपाली पर तंज कसा है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट डाला, जिसमें लिखा, 'पैसा सच्चाई को बस कुछ समय तक के लिए छुपा सकता है।' हालांकि, ईशा ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन यूजर्स का मानना है कि यह पोस्ट रूपाली के लिए ही है।**

दरअसल, ईशा वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'चरित्र वह है जो आप करते हैं। वह नहीं जो आप कहते हैं। फेम, पैसा और पावर बस कुछ समय तक ही सच्चाई को दबा सकता है। लेकिन इससे होने वाले नुकसान को कभी नहीं मिटा सकता। आपका काम आपके कैरेक्टर को बताता है, किसी दिखावे या फिर शब्दों को नहीं। मजबूती से खड़े रहें और भरोसा रखें कि कर्मा और यूनिवर्स सबकुछ ठीक करेंगे।%

इसके अलावा ईशा ने एक और पोस्ट किया, जिसमें पहाड़ी इलाके में एक लड़की नजर आई। हालांकि, ये नहीं पता था कि उस तस्वीर में कौन है। लेकिन ईशा ने कैप्शन में लिखा, 'हां, यह हालिया कमेंट्स का जवाब है। अगर मैं आगे बढ़ सकती हूं - यहां तक कि अपने पहले प्यार, अपने पिता से भी - तो हम सब भी आगे बढ़ सकते हैं। लाइफ ग्रोथ, हिलिंग और उस पर ध्यान देने के बारे में है जो वास्तव में मायने रखता है।'

क्या है पूरा मामला दरअसल, कुछ समय पहले ईशा वर्मा की साल 2020 में की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट सुर्खियों में आ गई थी, जिसमें उन्होंने लिखा था, ये बेहद घटिया है, क्या कोई रूपाली गांगुली की असल कहानी नहीं जानता है। उनका अश्विन के. वर्मा से 12 सालों तक रिलेशनशिप रहा, जिस वक्त वो अपनी शादी में थे। अश्विन वर्मा की पिछली शादी से 2 बेटियां हैं। वो एक क्रूर महिला है, जिसने मुझे और मेरी बहन को अलग करने की कोशिश की।

रूपाली ने 50 करोड़ का मानहानि का मुकदमा किया था दायर इसके अलावा ईशा ने रूपाली गांगुली पर हैरेसमेंट के आरोप भी लगाए थे। उनका कहना था कि पिता को कॉल करने पर रूपाली उन्हें जान से मारने की धमकी देती हैं और पिता को गलत दवाइयां देती हैं। वहीं, ईशा द्वारा लगाए गए संगीन आरोपों के जवाब में रूपाली गांगुली ने उनके खिलाफ 50 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया। रूपाली ने नोटिस में कहा है कि ईशा के आरोपों के चलते उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट लेना पड़ा है। उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट निकल गए हैं।

# हिना खान को गूगल पर सबसे ज्यादा किया गया सर्च

## एक्ट्रेस बोलीं- मुझे कोई खुशी नहीं; ग्लोबल लेवल पर ये स्टार्स भी हुए खूब सर्च

साल 2024 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। इस बीच गूगल ने इस साल सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली हस्तियों की लिस्ट जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में केवल तीन भारतीय स्टार्स शामिल हैं, जिनमें टीवी एक्ट्रेस हिना खान, तेलुगु एक्टर पवन कल्याण और निम्रत कौर का नाम शामिल हैं।

इसमें कोई गर्व की बात नहीं- हिना खान दरअसल, गूगल की 2024 की ग्लोबल सर्च लिस्ट में हिना खान को पांचवें नंबर पर जगह मिली है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 2024 की टॉप सर्च लिस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, मुझे बहुत से लोग इस नई उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही गर्व करने वाली कोई बात है। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, किसी का हेल्थ प्रॉब्लम्स या विवादों के कारण ऑनलाइन सर्च किया जाना कोई अचीवमेंट नहीं होता। मैं चाहती हूं कि मुझे




मेरी मेहनत और उपलब्धियों के लिए पहचाना जाए, न कि किसी और कारण से।' हिना खान ने ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी जिंदगी की जैसे शो में काम किया है। इस साल की शुरुआत में एक्ट्रेस ने अपने ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी दी थी। हालांकि, हिना पूरी हिम्मत से अपनी इस बीमारी से लड़ रही हैं और रोज अपने एक्सपीरिएंस सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। सर्च लिस्ट में पवन कल्याण दूसरे नंबर पर ग्लोबल सर्च लिस्ट में पवन कल्याण दूसरे नंबर पर रहे हैं। एक्टर को तेलुगु सिनेमा में उनकी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। वह केवल एक्टर ही नहीं, बल्कि एक राजनेता भी हैं। इसी साल 2024 में वह आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बने। इस लिस्ट में आठवें नंबर पर निम्रत कौर रहीं गूगल की ग्लोबल सर्च लिस्ट में 8वें नंबर पर एक्ट्रेस निम्रत कौर हैं। वह द लंचबॉक्स, दसवीं और एयरलिफ्ट जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# कुशा के तलाक के बाद परिवार को पड़े थे ताने

### एक्ट्रेस की मां बोलीं- घर से निकलने में डरती थी, लोग कुछ भी सवाल पूछते थे



एक्ट्रेस कुशा कपिला ने साल 2023 में अपने पति जोरावर अहलूवालिया से तलाक लिया था, जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब हाल ही में कुशा की मां रीता कपिला ने एक इंटरव्यू में अपनी बेटी के तलाक के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि पहले लोग ताने देते थे, जिस कारण घर से निकलने में डर लगता था।

बी ए पेरेंट यार शो में बात करते हुए कुशा कपिला की मां रीता कपिला ने कहा, 'मैं हमेशा मंदिर जाती हूं, लेकिन धीरे-धीरे नेगेटिव कमेंट्स बढ़ने लगे तो मैं बहुत जल्दी मंदिर जाने लगी, ताकि कोई मुझसे कुछ न कहे। फिर एक दिन एक महिला ने मुझसे कुछ ऐसा कह दिया, जिससे मैं बहुत डर गई और रोने लगी। तब कुशा के पापा ने मुझसे कहा कि लोगों की बातों पर क्यों ध्यान देती हो और जिनका नाम होता है, उनकी बातें भी की जाती हैं।'

कुशा की मां ने आगे कहा, 'फिर मैं मंदिर गई तो उस महिला ने मुझसे माफी मांगी, तो मैंने भी कहा कोई बात नहीं। हां, शुरुआत में डर लगता था, लेकिन फिर धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो गया। वो कहते हैं न, कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। आज लोग कुछ नहीं कहते, सभी काम की तारीफ करते हैं। अब कोई नेगेटिव बातें नहीं करते। अब सिर्फ यह देखा जाता है कि आप कितना बढ़ रहे हैं और अच्छा काम कर रहे हैं।'

कुशा कपिला की मानें तो शुरुआत में उन्हें बहुत डर लगता था। वह सोचती थीं कि तलाक का असर उनकी मां की सोशल लाइफ पर पड़ेगा। वह लोगों से कहती थीं कि प्लीज कुछ भी कमेंट्स न करें।

2023 में हुआ था कुशा और जोरावर का तलाक एक्ट्रेस कुशा कपिला ने 2017 में जोरावर अहलूवालिया से शादी की थी। लेकिन शादी के छह साल बाद, 2023 में दोनों का तलाक हो गया। अब कुशा ने एक पॉडकास्ट में अपने तलाक के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि 2023 में उन्हें अपने पति जोरावर अहलूवालिया से तलाक की खबर सबको बतानी पड़ी, क्योंकि एक मीडिया कंपनी को इसके बारे में पता चल गया था।

जहाँ तक रास्ता दिख रहा हैं वहाँ तक तो चलिए...
जीवन में आगे का रास्ता वहाँ पहुँचने के बाद दिखने लगेगा...

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# पुष्पा-2 एक्टर अल्लू अर्जुन को हाईकोर्ट से जमानत

## लोकल कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था; भगदड़ में महिला की मौत का मामला

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान महिला की मौत के मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। इससे पहले उन्हें हैदराबाद की कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। एक्टर को शुक्रवार सुबह उनके घर से दोपहर 12 बजे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 4 बजे उन्हें लोकल कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया। इसके बाद एक्टर ने हाईकोर्ट में अपील की थी। 5 बजे हाईकोर्ट ने जमानत दे दी।

अल्लू पर आरोप है कि वह 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में बिना बताए पहुंचे थे। इससे वहां भीड़ जमा हो गई और भगदड़ मच गई थी। कई लोग जख्मी हो गए थे।

हाईकोर्ट में अल्लू के वकील ने बचाव में शाहरुख की फिल्म रईस केस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, गुजरात में प्रमोशन के दौरान खान ने भीड़ पर टी-शर्ट फेंके थी। इसके बाद भगदड़ मची थी। इस मामले में एक्टर पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया था। वकील ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट ने शाहरुख को राहत दी थी।

### अल्लू का आरोप- पुलिस ने नाश्ता तक नहीं करने दिया

सूत्रों के मुताबिक, अल्लू अर्जुन ने अपनी गिरफ्तारी के तरीके पर आपत्ति जताई है। एक्टर ने दावा किया है कि पुलिस ने नाश्ता खत्म नहीं करने दिया। कपड़े भी बदलने नहीं दिए। एक वीडियो में एक्टर घर से नीचे उतरकर पार्किंग में आते हैं। वहां उनका नौकर दौड़कर आता है और चाय और पानी देता है। वे वीडियों में चाय पीते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी दिखाई देती हैं। अल्लू पत्नी को समझाते हैं। इसके बाद उन्हें पुलिस अपने साथ ले जाती हैं।



# पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला पार्थ चटर्जी की जमानत मंजूर

## सुप्रीम कोर्ट बोला- ट्रायल कोर्ट 31 दिसंबर से पहले आरोप तय करे; हर हाल में 1 फरवरी तक रिहाई हो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत मंजूर कर ली, लेकिन कुछ शर्तें भी लगाई हैं। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को विंटर वेकेशन या 31 दिसंबर 2024, जो भी पहले हो, आरोप तय करने का फैसला करने का निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा, चटर्जी को 1 फरवरी 2025 को रिहा किया जाएगा, बशर्ते कि ट्रायल कोर्ट विंटर वेकेशन से पहले उन पर आरोप तय करे। साथ ही जनवरी 2025 के दूसरे और तीसरे हफ्ते तक कमजोर गवाहों की बयान रिकॉर्ड करे। कोर्ट ने कहा कि यह काम पूरा होने के बाद ही पार्थ चटर्जी को जमानत पर रिहा किया जाएगा। साथ ही यह भी साफ कर दिया कि पार्थ चटर्जी को 1 फरवरी से आगे हिरासत में नहीं रखा जा सकता। बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि रिहाई के बाद चटर्जी कोई सार्वजनिक पद नहीं संभालेंगे, लेकिन विधायक के रूप में काम कर सकते हैं। ईडी ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामल में पार्थ चटर्जी को 25 अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था। 22 जुलाई को पार्थ और उनकी करीबी अर्पिता के 18 ठिकानों से श्र्ष्ठ ने रेड में 20 करोड़ कैश बरामद किया था।

# पटना डीएम ने बीपीएससी कैंडिडेट को जड़ा थप्पड़

## बीपीएससी चेयरमैन बोले- पेपर लीक नहीं हुआ; परीक्षा को लेकर उठे एक-एक आरोपों की जांच होगी

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** बीपीएससी की 70वीं संयुक्त परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों पर आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बात बिल्कुल गलत है। किसी सेंटर से कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। एग्जाम को लेकर उठ रहे एक-एक सवाल की आयोग जांच करेगा। किसी ने हमें पेपर लीक होने की शिकायत नहीं की है। आयोग के लोग सेंटर पर गए थे। वहां बात करने में समझ आया कि कुछ कैंडिडेट्स ने अफवाह फैलाई की पेपर वायरल हो गया है। कैंडिडेट्स सेंटर के अंदर हंगामा करने लगे। पेपर छीनकर बाहर निकल गए। बाकी लोगों को भी भड़काया गया। बिना मोबाइल और बिना इंटरनेट के पेपर कैसे वायरल हो सकता है।

### प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट को डीएम ने जड़ा थप्पड़

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा में आज यानि शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। पटना स्थित बापू परीक्षा परिसर में पेपर लीक का आरोप लगा प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट्स में से एक को पटना डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने थप्पड़ जड़ दिया।

# राहुल गांधी को गुल्लक देने वाले कारोबारी का सुसाइड

## पत्नी फंदे से लटकी मिली; लिखा-ईडी अफसर ने कहा था, बीजेपी में होते तो केस न होता

बढ़ता राजस्थान

**आष्टा (सीहोर)।** सीहोर जिले के आष्टा में कारोबारी मनोज परमार और उनकी पत्नी नेहा का शव शुक्रवार सुबह घर में फंदे पर लटका मिला है। 8 दिन पहले 5 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने परमार के इंदौर और सीहोर स्थित चार ठिकानों पर छापा मारा था।

यहां से कई चल-अचल और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए थे। साथ ही साढ़े तीन लाख रुपए का बैंक बैलेंस भी फ्रीज किया था। मामला पंजाब नेशनल बैंक में 6 करोड़ रुपए के फ्रॉड का है। इसमें परमार की गिरफ्तारी भी की गई थी। इसके बाद से वे परेशान थे।

मनोज परमार ने न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को गुल्लक भेंट की थी। इसके बाद वे चर्चा में आ गए थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद से ही वे भाजपा के निशाने पर थे।

एसडीओपी आकाश अमलकर के मुताबिक, मौके से पांच पेज का सुसाइड नोट मिला है।

**बेटे ने कहा- ईडी ने मानसिक दबाव बनाया**

मनोज परमार के तीन बच्चे हैं-बेटी जिया (18), बेटे जतिन (16) और यश (13)। जतिन ने कहा, श्र्ष्ठ वालों ने मानसिक तौर पर प्रेशर बनाया था। इस कारण माता-पिता ने सुसाइड किया है। मनोज के भाई और हर्षपुर के सरपंच राजेश परमार ने बताया कि मनोज पर श्र्ष्ठ का मानसिक दबाव था। इससे पहले भी कार्रवाई हुई थी, इससे वह परेशान हो चुका था।

# राजस्थान में माइनस में पहुंचा न्यूनतम तापमान

## कई शहरों में बर्फ जमी, 8 जिलों में शीतलहर का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। आज भी 8 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट है। सीकर, चूरू के एरिया में पिछले दो-तीन दिन से लगातार बर्फ जम रही है। फतेहपुर में तीन दिन से न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज हो रहा है। यहां खुले एरिया में रखे बर्तनों में रखा पानी जम गया। पश्चिमी जिले जैसलमेर, बीकानेर में भी रात के साथ-साथ दिन में सर्दी तेज हो गई। यहां अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले दो दिन और कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। 15 दिसंबर के बाद कुछ दिनों के लिए शीतलहर से राहत मिलेगी और तापमान बढ़ेगा। पिछले 24 घंटे में सबसे कम तापमान फतेहपुर में दर्ज हुआ। यहां शुक्रवार को न्यूनतम तापमान -0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### रेगिस्तानी एरिया में दिन हुई गलन

रेगिस्तानी एरिया जैसलमेर, बीकानेर में कल दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। बीकानेर में अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री जबकि जैसलमेर में 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चूरू में तापमान 22.6 और जोधपुर में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 15 दिसंबर से हवा की दिशा में थोड़ा बदलाव होगा। अभी उत्तरी हवा चल रही है, जो 15 दिसंबर और उसके बाद से उत्तर-पश्चिम होने की संभावना है। इस कारण राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी जिलों में सर्द हवा(कोल्ड-वेव) का प्रभाव कम होगा और दिन के साथ-साथ रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।



# रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी

## रूसी भाषा में ई-मेल किया; दिल्ली के 30 स्कूलों को लिखा- 13-14 दिसंबर को धमाके करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के 30 स्कूलों और मुंबई में स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर गुरुवार की दोपहर को रूसी भाषा में यह धमकी भरा ई-मेल आया। इससे पहले 16 नवंबर को आरबीआई के कस्टमर केयर को धमकी दी गई थी। धमकी के बाद पुलिस अलर्ट पर है। मुंबई पुलिस के जोन 1 के डीसीपी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मेल में दावा किया गया था कि आरबीआई की बिल्डिंग में इम्प्रूवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस रखा है जिसे 5 दिन में रिमोट से एक्टीवेट किया जाएगा। मेल में आरबीआई गवर्नर से रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन के साथ जुड़ने की बात कही है। मेल आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद आया है।

वहीं, दिल्ली के 30 स्कूलों को भी शुक्रवार को धमकी मिली। स्कूलों में ईमेल भेजने वाले ने लिखा कि 13-14 दिसंबर को पेरेंट्स मीटिंग और स्पोर्ट्स डे पर बम विस्फोट होंगे। मामलें में साउथ वेस्ट के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि साउथ वेस्ट जिले के 4 स्कूलों को रात 12:54 बजे बम होने का मेल आया था। पुलिस जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कुल 30 स्कूलों में बम होने की फर्जी धमकी मिली थी। जांच में पता चला है कि ईमेल देश के बाहर से आए थे।

श्रीनिवासपुरी के कैम्ब्रिज स्कूल की प्रिंसिपल माधवी गोस्वामी ने कहा कि सुबह 5:50 बजे धमकी भरा ई-मेल देखा तो पुलिस, पैरेंट्स और स्कूल बस के ड्राइवर्स को खबर दी। क्लासेस ऑनलाइन कर दी गई हैं।

# खनौरी बॉर्डर पहुंचे राकेश टिकैत बोले- दिल्ली को घेरना होगा : मांगे पूरी होने तक मरणव्रत खत्म नहीं करेंगे; सुप्रीम कोर्ट का आदेश- डल्लेवाल को डॉक्टरी मदद दें

बढ़ता राजस्थान

**शंभू-खनौरी बॉर्डर(पटियाला/जींद)।** किसानों की 13 मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का मरणव्रत जारी है। शुक्रवार को उनके मरणव्रत का 18वां दिन है। इसी बीच संयुक्त किसान मोर्चा भी अब डल्लेवाल के साथ खड़ा नजर आ रहा है। 13 दिसंबर को डल्लेवाल से मिलने SKM नेता राकेश टिकैत पहुंचे। यहां उन्होंने डल्लेवाल से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सिख कौम शहीदी से नहीं डरती है। डल्लेवाल हमारे सीनियर किसान नेता हैं। मांगें पूरी होने तक मरणव्रत खत्म नहीं करेंगे। दोबारा फिर दिल्ली को घेरना पड़ेगा। टिकैत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज के राजा प्रजा पर दया करने वाले नहीं हैं।

इसी बीच अंबाला के एसपी का एक बयान भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि किसानों को बिना परमिशन के आगे नहीं जाने दिया जाएगा।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल को लेकर कड़े आदेश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और केंद्र सरकार को कहा कि उन्हें तुरंत डॉक्टरी मदद दी जाए। उन्हें खाने को मजबूर न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल की जिंदगी आंदोलन से ज्यादा जरूरी है।



सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि किसान शांति बनाएं रखें और डल्लेवाल पर किसी तरह का बलप्रयोग न किया जाए। शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर चल रहे केस की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिए। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की गठित कमेटी ने भी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी। मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

डल्लेवाल का मरणव्रत तुड़वाने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की गई है। एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य ने याचिका में कहा कि डल्लेवाल की हालत नाजुक है। इसकी आज सुनवाई हो सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट-ईवीएम वेरिफिकेशन याचिका पर पुरानी बेंच ही सुनवाई करे

## बेंच ने कहा था- ईवीएम सेफ, बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के वैरिफिकेशन के लिए पॉलिसी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने अपीलकर्ताओं से कहा कि याचिका यहां क्यों लाए हो, इसे पुरानी बेंच के पास भेजना चाहिए।

अपीलकर्ता हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और 5 बार के विधायक लखन कुमार सिंगला ने कोर्ट से ईवीएम की जांच के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की मांग की।



उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के 4 कम्पोनेंट्स- कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपीएटी और सिंबल लोडिंग यूनिट की ओरिजनल बर्न मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए पॉलिसी बनाए। बेंच ने 26 अप्रैल को याचिका खारिज की थी सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने 26 अप्रैल को पुराने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका खारिज की थी और ईवीएम में गड़बड़ी की बात को निराधार बताया था। कोर्ट ने कहा था

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 12 नए सुखोई

## सरकार ने एचएएल से 13500 करोड़ डील की, फाइटर प्लेन के 62% पार्ट्स भारत में बनेंगे



रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि एरो-इंजनों की पहली डिलीवरी एक साल बाद शुरू होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्रालय ने 12 सुखोई फाइटर जेट्स खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 13,500 करोड़ रुपए की डील की। इन फाइटर जेट को बनाने में 62.6 फीसदी पार्ट्स इंडियन होंगे। इन्हें एचएएल की नासिक डिवीजन में बनाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा, सरकार के आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देते हुए, रक्षा मंत्रालय और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच 12 सू-30एमकेआई जेट और उनसे जुड़े इक्विपमेंट्स की खरीद के लिए एक सौदा किया है। सू-30एमकेआई रूसी विमान निर्माता सुखोई के बनाए दो-सीटर मल्टी रोल लॉन्ग डिस्टेंस फाइटर जेट्स हैं। इन्हें अब भारतीय वायुसेना के लिए एचएएल के लाइसेंस के तहत बनाया जाता है।

सुखोई-30एमकेआई के लिए एरो-इंजन खरीद को मंजूरी मिली थी 2 सितंबर को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए इंजन खरीद को मंजूरी दी थी। इस समझौते के तहत एचएएल 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 240 एरो-इंजन भारतीय वायुसेना को देगा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि एरो-इंजनों की पहली डिलीवरी एक साल बाद शुरू होगी और आठ सालों में सभी डिलीवरी पूरी कर ली जाएगी। इस इंजन में 54% से ज्यादा कंपोनेन्ट्स मेड-इन-इंडिया होंगे। इसको एचएएल के कोरापुट (ओडिशा) डिवीजन में बनाया जाएगा। नए इंजनों के इस्तेमाल से भारतीय वायुसेना अपने लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करेगी। इससे सुखोई 30 एमकेआई विमान अगले 30 साल की जरूरतें के हिसाब से अपग्रेड हो जाएंगे। इस पूरे अपग्रेड में 63 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। पहले फेज में 84 सुखोई विमान अपग्रेड किए जाएंगे। इन लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता को अचूक बनाने के लिए एआई और डाटा साइंस का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com